# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 29 नवंबर 2025




## खबर संक्षेप

### कार से 25 लाख रुपए का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** कार से पुलिस ने 25 लाख रुपए का 50 किलो गांजा बरामद किया है। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि 2 व्यक्ति एक पुरानी सिल्वर कलर की मारूति कंपनी की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमएच 04 डीएन 9512 के पीछे सीट में 03 सफेद रंग की बोरियों के अंदर अवैध रूप से गांजा रखकर विक्रय के लिये ओडिशा राज्य की ओर से महासमुंद की ओर आ रहे हैं। पूछताछ करने पर ड्रायवर सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम बाबी सैनी पिता अशोक कुमार सैनी (31 साल) निवासी एस-2 काशीद्वार बिल्डिंग वालकेश्वरवाडा पेन्हा दी फ्रांस बार्देश थाना परवरी जिला पणजी नार्थ गोवा एवं ड्रायवर सीट के बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम प्रकाश बेहरा पिता नरेंद्र बेहरा (26 साल) निवासी गीत गोविंद बिल्डिंग एकता नगर सिरोली थाना सिरोली जिला पुणे महाराष्ट्र होना बताया।

### चाकूबाजी के विरोध में दो घंटे रहा चक्काजाम

**राजनांदगांव।** बुधवार रात शहर के बीच मानव मंदिर चौक पर हुई चाकूबाजी के मामले में पुलिसिया कार्रवाई को लेकर हिंदू संगठन और घायल युवक के परिजनों में आक्रोश नजर आया। जिसका विरोध जताने बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार के साथ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से एक रैली निकाली और मानव मंदिर चौक पर पहुंचकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते यहां चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारी मौके पर एसपी अंकिता शर्मा को बुलाने की मांग करते रहे। करीबन दो घंटे तक एसपी के मौके पर नहीं पहुंचने के बाद प्रदर्शनकारी पैदल मार्च करते एसपी दफ्तर पहुंचे, जहां उन्होंने एसपी को एक ज्ञापन सौंपा।

## पुष्पा स्टाइल से ओडिशा के तस्करों द्वारा की जा रही लकड़ी तस्करी का भंडाफोड़, कई गिरफ्तार

# 15 साल में 2 लाख पेड़ काटकर बसे 8 गांवों को हटाया, 750 हेक्टयर जमीन को कराया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन के अनुसार उदंती सीतानदी अभयारण्य के भीतर ओडिशा के तस्करों और ग्रामीणों द्वारा पिछले 15-17 वर्षों के भीतर लगभग 750 हेक्टेयर जंगल के लाखों वृक्षों को काट कर अवैध रूप से वहां बस्तियां-गांव बसा लिया गया था। जिसमें इचरादी, सोरनामाल, घोरागांव, गोहरामाल सहित आधा दर्जन गांव बस्तियों को बकायदा नोटिस जारी कर बुलडोजर से घरों को जमींदोज कर दिया गया है। जंगल को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। कार्रवाई के दौरान वन विभाग के अफसरों और कर्मचारियों पर हमला भी किया गया। बताया जा रहा है कि पुष्पा स्टाइल में लकड़ी तस्करी, मुख्य सरगना तक विभाग पहुंच गया है।

**गरियाबंद और धमतरी जिले के अन्तर्गत उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के जंगल में पिछले 15 वर्षों के भीतर लगभग 750 हेक्टेयर के 2 लाख से ज्यादा बेशकीमती पेड़ों को काटकर ओडिशा प्रदेश के तस्करों और ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से बसाए गए 8 ग्रामों को हटाने और बुलडोजर से जमींदोज करने में वन विभाग को ढाई साल के भीतर बड़ी सफलता मिली है। वन्य प्राणियों के शिकार के अलावा सागौन जैसी कीमती लकड़ियों खासकर पुष्पा फिल्म स्टाइल की तस्करी रोकने में वन विभाग काफी सफल हुआ है। तीन वर्षों के भीतर लकड़ी के 20 एवं वन्य प्राणियों के शिकार के 30 प्रकरण पर ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद तस्करों के हौसले पस्त हुए हैं। वन विभाग की टीम ने ओडिशा, महाराष्ट्र तक पहुंचकर कार्रवाई की है।**

### पानी रोकने और जंगल को हरा भरा करने किया जा रहा कार्य

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में अवैध बस्तियों को हटाने के बाद इन खाली जमीनों में फिर से जंगल लगाने के साथ ही पौधरोपण मिट्टी का कटाव रोकने के साथ ही तालाब, छोटे छोटे चेक डेम के साथ वन विकास के कार्य किया जा रहा है। वन्य प्राणियों को पानी की तलाश में भटकना न पड़े इसलिए सोलर पैनल व अन्य प्रकार के झरिया का निर्माण कर पानी की व्यवस्था की जा रही है। स्थानीय ग्रामीण स्वयं जंगल को सुरक्षित रखने संकल्प लेकर सामने आ रहे हैं।





### अतिक्रमण हटाया और अब संवार रहेः उपनिदेशक

उदंती सीतानदी उपनिदेशक वरूण जैन ने चर्चा में बताया कि 750 हेक्टेयर जंगल को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया है। 150 से ज्यादा अवैध कटाई ,अवैध शिकार के मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया ओडिशा प्रदेश के तस्कर यहां आकर जो अवैध गांव, बस्तियां बसाए थे। सभी अवैध 8 बस्तियों को हटाया जा चुका है। लकड़ियो की अवैध तस्करी पर 90 प्रतिशत लगाम लगाई जा चुकी है। संवारने व सुरक्षा के अन्य कार्य कर रहे हैं। सुरक्षा में स्थानीय नागरिकों का सहयोग बेहद जरूरी है।

### आधुनिक संसाधनों से किया गया लैस

उदंती सीतानदी के जंगल को सुरक्षित करने के लिए श्री जैन ने यहां आधुनिक तकनीकी का भी सहारा लिया है। यह जंगल धीरे-धीरे हाईटेक हो रहा है। जहां सेटेलाइट के माध्यम से व अन्य उपकरण के माध्यम से जंगल के भीतर के राज बकायदा कैमरे में कैद हो रही जिसकी बारीकी से जांच किया जा रहा है। टाईगर रिजर्व ने गूगल अर्थ की मदद से अपना रिमोट सेसिंग पोर्टल तैयार किया है। इसमें टाईगर रिजर्व के 20 साल पुराने सेटेलाइट इमेज भी उपलब्ध है।

कांग्रेस का छोड़ा दामन

## नगर पंचायत झगराखांड की अध्यक्ष रीमा अब भाजपा में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मनेन्द्रगढ़

नगर पंचायत झगराखांड की अध्यक्ष श्रीमती रीमा यादव ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की उपस्थिति में रीमा ने सदस्यता ली । मसीबी जिले का राजनीतिक माहौल अचानक गर्म हो गया। पिछले नगर पंचायत चुनाव में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी एवं मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की बहू श्रीमती चंपा जायसवाल को कड़े मुकाबले में पराजित किया था। अब उसी पार्टी में शामिल होकर उन्होंने स्थानीय राजनीतिक समीकरणों में बड़ा बदलाव ला दिया है। नपाध्यक्ष श्रीमती रीमा यादव का यह कदम कांग्रेस के लिए आगामी निकाय चुनावों से पहले एक तगड़ा झटका है। प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव और मंत्री श्री जायसवाल ने नपाध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से पार्टी की पकड़ नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी और अधिक मजबूत होगी। इस दौरान मंत्री रामविचार नेताम, प्रदेश मंत्री अखिलेश सोनी, विधायक भरतपुर-सोनहत रेणुका सिंह, एमसीबी जिलाध्यक्ष भाजपा चंपा देवी पावले आदि मौजूद रहे।

## नशे में मतदाता पुनरीक्षण, प्रधानपाठक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर बलीराम बघेल ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने सहित एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बकावण्ड के साथ अभद्र व्यवहार करने के कारण प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला खामेश्वरीपारा राजनगर बकावण्ड स्वतंत्र अवस्थी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है

जारी निलंबन आदेश में उल्लेख किया गया है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बकावण्ड की अनुशंसा के अनुसार बीएलओ प्रधानपाठक स्वतंत्र अवस्थी के द्वारा एसडीएम बकावण्ड के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शराब पीकर उनके साथ अभद्र व्यवहार करने सहित मेडिकल रिपोर्ट में शराब का सेवन करना प्रमाणित पाया गया है। मतदाता डिजिटाइजेशन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के दौरान शराब के नशे में उपस्थित रहने संबंधी गंभीर शिकायत के आधार पर सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उपनियम के उल्लंघन का प्रथम दृष्ट्या दोषी पाये जाने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में सम्बंधित का मुख्यालय कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड दरभा होगा। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**तनौद।** शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के तनौद लाइफ केयर पब्लिक स्कूल के पास देर शाम एक तेज रफ़्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, देर शाम ग्राम पंचायत तनौद निवासी लच्छी राम यादव पिता गंगा राम उम्र 35 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से देवरी रोड होते हुए अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ़्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चश्मदीदों के अनुसार, वाहन के पहिए से युवक के सिर पर गंभीर चोट लगी, जिससे भारी मात्रा में खून बहने लगा और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

## बच्चे को पेड़ पर लटकाया, स्कूल संचालक पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

पिछले दो दिनों से रामानुजनगर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम नारायणपुर में संचालित हंसवाहिनी विद्या मंदिर की एक शिक्षिका द्वारा होमवर्क नहीं करने पर एक शिक्षिका द्वारा कक्षा केजी-2 के एक छात्र को पेड़ पर लटकाने के मामले में उच्च न्यायालय द्वारा संज्ञान लेने पर विभाग के अधिकारियों की परेशानी बढ़ गई है। मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत स्कूल संचालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया है। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल की मान्यता निरस्त करने की बात सामने आ रही है।

ग्राम नारायणपुर में वर्षों से संचालित हंस वाहिनी विद्या मंदिर की एक शिक्षिका ने कक्षा केजी टू के एक छात्र द्वारा होमवर्क नहीं करने पर उसे पेड़ पर लटका दिया था। बताया जा रहा है गुरुवार को डीईओ अजय मिश्रा, बीईओ धर्मसाय लकड़ा सहित अन्य अधिकारी हंसवाहिनी विद्या मंदिर पहुंचे थे तथा स्कूल के सभी पंजियों को जब्त किया। अधिकारियों द्वारा स्कूल की मान्यता निरस्त करने की भनक जैसे ही ग्रामीणों को लगी बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने उन्हें घेर लिया तथा कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान डीईओ श्री मिश्रा ने समझाइश देते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया है। मामले में स्कूल की मान्यता समाप्त नहीं होने पर संचालक व शिक्षकों को जेल जाना पड़ सकता है। साथ ही अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

### लेता हूं जानकारी

पूर्व में डीईओ द्वारा दोषी शिक्षिका को बर्खास्त करने के साथ ही संचालक को मान्यता निरस्त करने के संबंध में नोटिस देकर जवाब मांगा गया था। स्कूल की मान्यता निरस्त करने की जानकारी नहीं मिली है। डीईओ से जानकारी लेता हूं।

**एस जयवर्धन**
कलेक्टर, सूरजपुर






हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



60वीं अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक-महानिरीक्षकों की बैठक प्रारंभ, आंतरिक सुरक्षा के रोडमैप के लिए मंथन

*केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में शुक्रवार से तीन दिवसीय 60वीं अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक-महानिरीक्षक (डीजीपी-आईजीपी) कांफ्रेंस शुरू हो गई है। आईआईएम रायपुर के परिसर में आयोजित इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन में देशभर के शीर्ष पुलिस और सुरक्षा अधिकारी रणनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। आयोजन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रॉ प्रमुख, आईबी प्रमुख सहित देशभर के डीजीपी, आईजी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए हैं।*

आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹94733/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹115700/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹126297/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

## डीजीपी-आईजीपी कांफ्रेंस: शाह ने की शुरुआत, आज मोदी होंगे शामिल

# अमित शाह बोले- अगली डीजी-आईजीपी कांफ्रेंस से पहले देश होगा नक्सल मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्रीय गृहमंत्री ने अमित शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि अगली डीजी-आईजीपी कॉन्फ्रेंस से पहले देश नक्सलवाद की समस्या से पूर्णतः मुक्त हो जाएगा। श्री शाह ने शुक्रवार को नवा रायपुर में आयोजित डीजी-आईजीपी कांफ्रेस में अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह कॉफ्रेंस समस्याओं के समाधान, चुनौतियों और रणनीतियों से नीति निर्धारण तक, देश की आंतरिक सुरक्षा के समाधान का फोरम बन कर उभरी है। गृह मंत्री ने नक्सलवाद के समूल नाश के खिलाफ उठाए गए मोदी सरकार के एक्शनेबल प्वाइंट का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने विगत 7 वर्षों में 586 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन बनाकर सुरक्षा घेरे को मजबूत बनाया है और ▶▶| शेष पेज 5 पर



### ये नासूर बने हैं तीन हॉट स्पॉट

*अमित शाह ने कहा कि पिछले 40 साल से देश नक्सलवाद की समस्या का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश के लिए नासूर बने 3 हॉटस्पॉट - नक्सलवाद, नार्थ-ईस्ट और जम्मू-कश्मीर - की समस्या के निराकरण के लिए मोदी सरकार ने स्थायी समाधान दिया है और जल्द ही ये देश के बाकी हिस्सों जैसे बन जाएंगे। गृह मंत्री ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) कानूनों को सुदृढ़ बनाया गया,* ▶▶| शेष पेज 5 पर

### भारत के सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने पर होगी बात- मोदी

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायपुर आने के बाद सोशल मीडया एप एक्स पर अपनी बात रखी है। उन्होंने 29 तारीख को डीजी-आईजीपी कांफ्रेंस में अपने कार्यक्रम को लेकर बात कही है। श्री मोदी ने एक्स पर लिखा है- कर्नाटक और गोवा में दो बहुत खास प्रोग्राम के बाद रायपुर में हो रहे डीजी-आईजीपी कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचा। भारत के* ▶▶| शेष पेज 5 पर

### रायपुर में पहली बार

प्रधानमंत्री मोदी 2014 से पुलिस के इस महत्वपूर्ण और विशाल सम्मेलन में विशेष रुचि लेते रहे हैं और उन्होंने लगातार इसके प्रारूप को आधुनिक और बेहतर बनाने पर जोर दिया है। इसी वजह से हर वर्ष इसे देश के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है। अब तक यह सम्मेलन गुवाहाटी, कच्छ, हैदराबाद, टेकनपुर, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (केवड़िया), पुणे, लखनऊ, दिल्ली, जयपुर और भुवनेश्वर में आयोजित हो चुका है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष इसका आयोजन रायपुर में किया जा रहा है।

### देश के तीन सर्वश्रेष्ठ थानों को राष्ट्रीय सम्मान, दिल्ली का गाजीपुर थाना नंबर-1

नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में तीन दिवसीय डीजी-आईजीपी कांफ्रेंस के पहले दिन 28 तारीख को उद्घाटन समारोह के दौरान देश के टॉप-3 पुलिस स्टेशनों को सम्मानित किया गया, जिसे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने हाथों से प्रदान किया। इस वर्ष देशभर के 70 थानों की समीक्षा के बाद शीर्ष तीन पुलिस स्टेशनों की सूची जारी की गई है। पहला स्थान गाजीपुर ▶▶| शेष पेज 5 पर

## रायपुर पहुंचे पीएम मोदी

### 30 तक रहेंगे, रमन का बंगला नंबर एम 1 बना पीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में डीजी-आईजीपी कांफ्रेंस में शामिल होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार शाम साढ़े सात बजे यहां पहुंचे। करीब ढाई दिनों के प्रवास पर आए पीएम यहां नवा रायपुर में विधानसभाध्यक्ष डा. रमन सिंह को आवंटित बंगला नंबर एम 1 में रुकेंगे। अगले दिन यानी शनिवार को वे तीन दिनी कांफ्रेंस के दूसरे दिन शामिल होंगे और समापन के दिन 30 नवंबर तक रहेंगे। एयरपोर्ट आगमन पर उनकी अगवानी करने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे हुए थे। राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह सहित बड़ी संख्या में राज्य व केंद्र सरकार के अधिकारी, छत्तीसगढ़ भाजपा से जुड़े नेता, मंत्री, सांसद, विधायक व अन्य विशिष्ट वहां मौजूद थे।

**एम 1 अब नो एंट्री जोन** - नए रायपुर में आयोजित होने वाली डीजीपी ▶▶| शेष पेज 5 पर

### छग की धरा पर अभिनंदन...



---

## खबर संक्षेप

### हाथी ने मां-बाप के सामने मार डाला लड़के को

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड में ऋषिकेश के निकट जंगली हाथी के हमले में 12 वर्षीय लड़के की मौत हो गई।



वन रेंज अधिकारी नत्थी लाल डोभाल ने बताया कि बृहस्पतिवार को एक परिवार स्कूटर पर सवार होकर कालू वाला जंगल के कच्चे रास्ते से जौलीग्रांट में स्थित अपने घर जा रहा था कि अचानक सामने से हाथी आ गया। और उसने बच्चे को पटककर मार डाला।

### तेंदुआ पकड़ने लगाए गए पिंजरे में युवक फंसा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में कल रात एक युवक फंस गया। वन विभाग के



अधिकारियों ने बताया कि फखरपुर क्षेत्र के उमरी दहलो गांव में बुधवार शाम तेंदुए के हमले से 55 वर्षीय महिला की मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव के बाहर पिंजरा लगाया गया था। गत रात गांव निवासी प्रदीप नाम का एक युवक पिंजरे में घुस गया स्वचालित पिंजरे का दरवाजा बंद हो गया।

## हमले में कांग्रेस के बड़े नेताओं समेत 27 की गई थी जान

# झीरम हमले का मास्टरमाइंड श्याम दादा ने 9 नक्सलियों के साथ किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के सफाए के एलान के बाद नक्सल प्रभावित राज्यों में समर्पण का दौर जारी है। शुक्रवार को संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में कुख्यात नक्सली लीडर व झीरम हमले का मास्टरमाइंड 25 लाख के ईनामी चैतू उर्फ श्याम दादा 9 साथियों के साथ आईजी सुंदरराज पी व एसपी शलभ कुमार सिन्हा के समक्ष हथियार सौंप कर हाथों में सविंधान की किताब लेकर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पण करने वाले नक्सलियों पर 65 लाख रूपए का ईनाम घोषित था।

आईजी ने कहा कि बस्तर में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है, झीरम घाटी हमले के मास्टरमाइंड और 25 लाख रुपये ईनामी माओवादी चैतू उर्फ श्याम दादा ने अपने साथियों के साथ आत्मसमर्पण किया है। चैतू झीरम घाटी हमले का मास्टरमाइंड और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी केअलावा दरभा डिवीजन का प्रभारी भी रहा है। उसके साथ नौ अन्य नक्सलियों ने भी हथियार छोड़ दिए। बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम के सामने सभी नक्सलियों ने समर्पण करने वाला चैतू नक्सल संगठन का बड़ा चेहरा माना जाता था। वह दरभा डिवीजन का प्रभारी भी रहा और वर्ष 2013 में हुए झीरम घाटी हमले में उसकी मुख्य भूमिका थी। इस हमले में बस्तर टाईगर महेन्द्र कर्मा समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता समेत 27 लोग मारे गए थे।




### दरभा इंचार्ज था श्याम

चैतू उर्फ श्याम दादा का पूरा नाम गिरी रेड्डी पवन दा रेड्डी है। लगभग 60 वर्षीय चैतू मूलतः ग्राम तुलसापुर, मंडल रघुनंदापल्ली, जिला वारंगल का रहने वाला है। वह डीकेएसजेडसी का वरिष्ठ सदस्य और दरभा डिवीजन का इंचार्ज था। आत्मसमर्पण के दौरान चैतू ने अपने पास रखा एके 47 रायफल भी पुलिस के हवाले कर दिया है। संगठन में रहने के दारान चैतू आधुनिक तकनीक का उपयोग करने में माहिर था इनमें टैबलेट, लैपटॉप, सोलर पैनल व बैटरी, टचस्क्रीन मोबाइल, वॉकी-टॉकी और रेडियो जैसे संसाधन शामिल है।

### समर्पित नक्सलियों में इनका नाम

शुक्रवार को समर्पण करने वाले नक्सलियों में डीकेएसजेडसी मेंबर चैतू उर्फ श्याम दादा के अलावा 8 लाख रूपए का ईनामी डीवीसीएम सरोज, एसीएम (एरिया कमेटी सदस्य) भूपेश उर्फ सहायक राम, प्रकाश, कमलेश उर्फ झितरु, जननी उर्फ रयमती कश्यप, संतोष उर्फ सन्नू व नवीन के अलावा पीएम (प्रोटेक्शन मिलिशिया) रमशीला और जयती कश्यप भी शामिल है। इन सभी पर कुल 65 लाख रुपये के इनामी घोषित था। सभी ने शौर्य भवन पुलिस कोऑर्डिनेशन सेंटर लालबाग में समर्पण किया। समर्पण के दौरान आईजी के अलावा एसपी शलभ कुमार सिन्हा, सुरक्षाबलों के अधिकारी समाज के वरिष्ठ जन, परिवारजन व अन्य मौजूद रहे। मुख्यधारा में लौटने वाले नक्सलियों का रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत किया और उन्हें संविधान की पुस्तक और गुलदस्ता भेंट किया गया।

### सरकार की नीतियों की सफलता- साय



*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, सुशासन की सरकार ने बस्तर में शांति और समृद्धि की नई राह प्रशस्त की है। हमारी सरकार की "आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025" तथा "पूना मारगेम : पुनर्वास से पुनर्जीवन" जैसी मानवीय और दूरदर्शी पहल ने बस्तर में विश्वास, सुरक्षा और स्थायी शांति का वातावरण स्थापित किया है। माओवादी भ्रमजाल में फंसे अनेक लोग अब हिंसा का मार्ग छोड़कर विकास और मुख्यधारा की ओर लौट रहे हैं। इसी निरंतर अभियान के तहत आज 25 लाख के इनामी चैतू उर्फ श्याम दादा सहित कुल 65 लाख रुपए के इनाम वाले 10 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। यह बदलते बस्तर और सरकार की नीतियों की सफलता का स्पष्ट प्रमाण है।*

## हरियाणा के सिरसा में घटना

# मां-प्रेमी की हत्या के बाद शव लेकर थाने पहुंचा बेटा

**सिरसा।** हरियाण के सिरसा में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर क बेटे ने अपनी मां औऱ उसके प्रेमी की हत्या कर दी और फिर शव को पिकअप में डालकर थाने पहुंच गया। वहां, पर आरोपी बेटे ने पुलिस के सामने सरेंडर करते हुए कहा कि उसकी मां और प्रेमी की लाश गाड़ी में पड़ी है और उन्हें निकाल लो।. सदर थाने में बेटे ने सरेंडर किया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है।

### रातभर शव के साथ रहा, सुबह पहुंचा थाने

जानकारी के मुताबिक, सिरसार के गांव सिकंदरपुर में मां और पड़ोसी को आपत्तिजनक स्थिति में बेटे ने दोनों को एक साथ पकड़ा था। आवेश में आकर युवक ने घर में घुसकर दोनों की चुन्नी से गला घोंटकर हत्या कर दी।

## पीएम व राष्ट्रपति से करेंगे भेंट

# डेट हुई फिक्स! 4-5 दिसंबर को भारत में रहेंगे पुतिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमरीकी दबावों के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत आने की खबरें सुर्खियों में थीं लेकिन अब उनके भारत आने की तारीख का खुलासा कर दिया गया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक पुतिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर 4-5 दिसंबर को भारत दौरे पर रहेंगे। इस दौरे में दोनों देशों के बीच तेल खरीद, रक्षा और ▶▶| शेष पेज 5 पर

### भारत-रूस संबंध होंगे और मजबूत

अमेरिकी राष्ट्रपति लंबे समय से भारत पर रूस से तेल खरीद रोकने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कई बार बयान भी दिए कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा। इसके बावजूद भारत रूस से तेल की खरीद जारी रखे हुए है। इस ▶▶| शेष पेज 5 पर

# ट्रंप ने कहा- अमेरिका में 19 देशों के लोगों का प्रवास करूंगा प्रतिबंधित

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाशिंगटन डीसी में नेशनल गाड्र्स पर हुई गोलीबारी के बाद बड़ा कदम उठाया है।उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के समय स्वीकृत शरण मामलों और 19 देशों से अमेरिका आए व्यक्तियों को जारी ग्रीन कार्ड की व्यापक समीक्षा का आदेश दिया



है। ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा कि वह तीसरी दुनिया के देशों से प्रवासियों को पूरी तरह रोक देंगे। हालांकि ट्रंप के इस कदम से भारत को कोई फर्क नहीं पड़ेगा ▶▶| शेष पेज 5 पर

### इन देशों के नागरिकों की हो सकती जांच

उच्च-जोखिम वाले देशों के नागरिकों के ग्रीन कार्ड की सख्ती से दोबारा जांच का निर्देश दिया है। इसमें अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, यमन, बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान, वेनेजुएला शामिल हैं।

## बढ़ाई गई इलाके की सुरक्षा

# विस्फोट से दहला भुवनेश्वर का केंद्रीय विद्यालय, जांच में जुटी एनआईए

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

कुछ दिनों पूर्व केंद्रीय विद्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी के बाद शुक्रवार की सुबह ओड शिा की राजधानी भुवनेश्वर में केंद्रीय विद्यालय के पास विस्फोट की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार सुबह भुवनेश्वर के गड़कना स्थित केंद्रीय विद्यालय के पास हुए एक विस्फोटक मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गन पाउडर से धमाका कारण अज्ञात

घटना के बारे में भुवनेश्वर के पुलिस आयुक्त ने कहा कि प्राथमिक जांच से ऐसा लगता है कि यह गन पाउडर का नमूना है। गेट पर गन पाउडर के दो धब्बे मिले हैं। एनआईए टीम ने कहा कि विस्फोट की प्रकृति का अभी पूरी तरह से पता नहीं चल पाया है.

## तत्काल सुनवाई के लिए अब दाखिल करना होगा कारण सहित आवेदन

# गरीबवादियों को न्याय दिलाने आधी रात तक अदालत में बैठ सकता हूं : सीजेआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि गरीब वादियों के लिए न्याय सुनिश्चित करना उनकी शीर्ष प्राथमिकता है और वह उनके लिए अदालत में आधी रात तक बैठ सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने तिलक सिंह डांगी नामक व्यक्ति द्वारा केंद्र और अन्य के खिलाफ दायर याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। इस दौरान, सीजेआई के साथ न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची भी थे। जस्टिस सूर्यकांत ने 24 नवंबर को भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।



### तत्काल सुनवाई के लिए भी नियम

बता दें कि देश के नए चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने साफ कर दिया कि अब अर्जेंट मामलों की मेंशनिंग मौखिक रूप से आग्रह स्वीकार नहीं होगा। अब वकीलों को तत्काल सुनवाई के लिए जरूरी कारण रजिस्ट्रार को देना होगा। सीजेआई ने कहा हम उसे देखेंगे।

### विलासता पूर्ण मुकदमा नहीं चलेगा: सीजेआई

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'मेरे न्यायालय में कोई विलासितापूर्ण मुकदमा नहीं चलेगा। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे मामले धनी वादीगण द्वारा लड़े जाते हैं। 'मैं आपको बता दूं... मैं यहां सबसे छोटे... सबसे गरीब पक्षकार के लिए हूं।

### बताया कैसे-कब लिस्ट होगा केस

*बता दें कि इससे पूर्व सीजेआई सूर्यकांत से जब एक वकील ने मौखिक रूप से तुरंत सुनवाई की मांग की तो सीजेआई ने कहा कि जब तक कोई असाधारण परिस्थिति जैसे किसी की आजादी दांव पर हो या मौत की सजा का मामला हो तभी मौखिक रूप से मामला लिस्ट किया जाएगा। अन्यथा लिखित मेंशनिंग करें, रजिस्ट्री जांच करेगी और जरूरत होने पर मामला लिस्ट किया जाएगा।*



बेटे ने कहा- पिता के जीवित होने का कोई सबूत नहीं'

# पाकिस्तान में 'वेयर इज इमरान खान?' टॉप ट्रेंड

## पाक सरकार 'पूर्ण ब्लैकआउट' लागू कर स्थिति छिपा रही

## अडियाला जेल की 'डेथ सेल' में बंद हैं पूर्व पीएम

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री व स्टार क्रिकेटर इमरान खान के 'जीवित' होने को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है। सोशल मीडिया पर 'वेयर इज इमरान खान?' टॉप ट्रेंड बन गया है। स्थानीय जनता सवाल उठा रही है कि क्या पूर्व प्रधानमंत्री वास्तव में सुरक्षित हैं या नहीं? इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पीटीआई) सहित यही सवाल उनके बेटे भी पूरी दुनिया के सामने रखा है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से मदद की गुहार लगाई है।

इमरान के बेटे कासिम खान ने चिंताजनक बयान देते हुए कहा है कि पिछले छह हफ्तों से उन्हें अपने पिता के जीवित होने या सुरक्षित होने का कोई प्रमाण नहीं मिला है। 'छह हफ्तों से हमें कोई फोन कॉल, कोई मीटिंग, कोई संदेश – कुछ भी नहीं मिला। मुझे और मेरे भाई को अपने पिता से किसी भी तरह का संपर्क नहीं कराया गया। सरकार ने 'जीवन का सबूत'उपलब्ध नहीं कराया है। कासिम ने एक्स पर आरोप लगाया है कि सरकार एक 'पूर्ण ब्लैकआउट' लागू कर उनके पिता की स्थिति को छिपा रही है। उन्होंने मानवाधिकार संगठनों, लोकतांत्रिक देशों और वैश्विक संस्थाओं से तत्काल हस्तक्षेप की अपील करते हुए कहा कि पाकिस्तान सरकार पर दबाव बनाया जाए ताकि इमरान खान की सुरक्षा का प्रमाण दिया जाए और अदालत द्वारा आदेशित मुलाकातें तुरंत बहाल की जाएं।

इमरान को 2023 से भ्रष्टाचार के एक मामले में 14 साल की सजा के तहत अडियाला जेल में रखा गया है। पिछले 845 दिनों से वे गिरफ्तार हैं और पिछले कई हफ्तों से उन्हें अडियाला जेल की एक 'डेथ सेल' में एकांतवास में रखा गया है, जहां न पारिवारिक मुलाकात की अनुमति है, न फोन कॉल, न ही कानूनी सलाहकारों से मिलने दिया जा रहा है। तीन सप्ताह से पीटीआई नेताओं को भी 73 वर्षीय खान से मिलने नहीं दिया गया है। दो दिन पहले, इमरान की बहनों व पीटीआई की सरकार वाले खैबर पख्तूनवा सूबे के सीएम को भी अदालत से साफ आदेश होने के बावजूद मिलने से रोका गया और मारपीट की गई।

**बहनों व खैबर सीएम को पुलिस ने पीटा**

### इधर पाक सरकार का दावा, इमरान ठीक

*इस बीच, पाकिस्तान सरकार और उनके सलाहकार यह दावा कर रहे हैं कि इमरान खान बिल्कुल सुरक्षित हैं और उनकी सेहत को लेकर कोई खतरा नहीं है। प्रधानमंत्री के राजनीतिक मामलों के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने डॉन अखबार से बातचीत में स्पष्ट कहा कि 'इमरान खान बिल्कुल ठीक हैं, उनकी तबीयत या सुरक्षा को लेकर चिंता की कोई वजह नहीं है।' उन्होंने बताया कि जेल प्रशासन नियमित रूप से उनकी सेहत, दवाइयों, भोजन और अन्य सुविधाओं का ध्यान रख रहा है।*

#### खुद नहीं मिलेंगे तक नहीं होगा भरोसा : पीटीआई

*पीटीआई नेतृत्व लगातार मांग कर रहा है कि पार्टी संस्थापक इमरान खान से मुलाकात की अनुमति दी जाए। उनका कहना है कि पिछले तीन सप्ताह से न परिवार को, न वकीलों को उनसे मिलने दिया गया है, जिससे चिंता बढ़ती जा रही है। डॉनन्यूज़टीवी पर पीटीआई के वरिष्ठ नेता और सीनेटर अली ज़फर ने भी कहा कि मीडिया रिपोर्टें गलत साबित हुई हैं, लेकिन इसके बाद मुलाकात की अनुमति देना और भी ज़रूरी हो गया है। उनके अनुसार, 'जब तक हम खुद उनसे मिलकर यह न देख लें कि वह ठीक हैं, तब तक किसी को भरोसा नहीं होगा।'*

---

### खबर संक्षेप

#### व्हाइट हाउस के पास हमले में महिला सैनिक की मौत




**वाशिंगटन।** अमेरिका में व्हाइट हाउस के पास अफगानी नागरिक द्वारा किए गए हमले में दो नेशनल गार्ड घायल हो गए। इसमें से एक जवान सारा बेकस्ट्रॉम की मौत हो गई है। वहीं, दूसरा सैनिक गंभीर हालत में अपनी जिदगी के लिए लड़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने यह जानकारी दी। अमेरिका में व्हाइट हाउस के पास हुए 'आतंकी हमले' के लिए ट्रंप ने बाइडेन-युग की इमिग्रेशन जांच की नाकामियों को जिम्मेदार ठहराया और शरण के मामलों की पूरी जांच का आदेश दिया।

#### यूएई : पाकिस्तानियों को वीजा देना बंद

**इस्लामाबाद।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पाकिस्तान के नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया है। यह जानकारी पाक गृह मंत्रालय के अधिकारी सलमान चौधरी ने दी है। हालांकि जिन लोगों के पास ब्लू और डिप्लोमैटिक पासपोर्ट है, उन्हें अभी वीजा जारी किया जा रहा है। पाकिस्तानी अखबार डान ने ट्रैवल एजेंटों के हवाले से बताया है कि पहली बार और सिंगल-एंट्री वीजा के 70-80% आवेदन रिजेक्ट हो रहे हैं। यूएई और पाकिस्तान के बीच मजबूत राजनीतिक और आर्थिक संबंध हैं, फिर भी वीजा रिजेक्शन का मुद्दा महीनों से चल रहा है।

#### बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा की हालत गंभीर



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत बेहद गंभीर है। यह जानकारी उनकी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा इस्लाम आलमगीर ने शुक्रवार को दी। 80 साल की खालिदा जिया BNP की अध्यक्ष हैं। वे पिछले कई साल से लिवर, किडनी, डायबिटीज, गठिया और आंखों की परेशानी से जूझ रही हैं। 'कल रात डॉक्टरों ने बताया कि उनकी शारीरिक स्थिति बेहद गंभीर है। हमने 23 नवंबर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सीने में इन्फेक्शन हो गया था, जिसका असर उनके दिल और फेफड़ों पर पड़ा।'

---

ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव को सशर्त मंजूरी वोट पड़ेंगे, जीत भी मिलेगी, लेकिन कुर्सी पर सस्पेंस

## जहां 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण वहां के नतीजों पर अंतिम फैसला बाद की सुनवाई में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने निकाय चुनावों पर ओबीसी आरक्षण को लेकर चुनावी प्रक्रिया का सशर्त रास्ता साफ कर दिया। अदालत ने उन सभी नए निकायों में 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण अधिसूचित करने पर रोक लगाई है, जिनके चुनाव अभी घोषित नहीं हुए हैं। वहीं, जिन नगर परिषदों और नगर पंचायतों में पहले से 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण अधिसूचित हो चुका है, वहां चुनाव तो तय कार्यक्रम के अनुसार होंगे, लेकिन उनके नतीजे रिट याचिकाओं के अंतिम फैसले पर निर्भर करेंगे। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ महाराष्ट्र में ओबीसी आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने मामले को तीन-न्यायाधीशों की बड़ी बेंच को भेजते हुए अगली सुनवाई 21 जनवरी तय की है।



### 'आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं'

*सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन निकायों के चुनाव अभी नहीं घोषित हुए हैं, उनमें किसी भी स्थिति में आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती। कोर्ट को यह भी बताया गया कि केवल दो महानगरपालिकाएं ऐसी हैं जहां आरक्षण 50 प्रतिशत से ऊपर जाने की संभावना है। इस पर अदालत ने कहा कि इनके चुनाव भी अधिसूचित किए जा सकते हैं, लेकिन इनके परिणाम भी रिट याचिकाओं के नतीजों के अधीन रहेंगे।*

### 2 दिसंबर को होने हैं निकाय चुनाव

सुनवाई के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील बलबीर सिंह ने कोर्ट को बताया कि 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों में चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और 2 दिसंबर को मतदान होना है। इनमें से 40 नगर परिषद और 17 नगर पंचायत ऐसे हैं जहां आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक है। वहीं दूसरी ओर, 29 महानगरपालिका, 32 जिला परिषद और 346 पंचायत समितियों के चुनाव अभी अधिसूचित नहीं हुए हैं।

**2021 से नहीं हुए हैं निकाय चुनाव**

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में ओबीसी आरक्षण के चलते स्थानीय निकाय चुनाव दिसंबर 2021 से अटके हुए थे, जब सुप्रीम कोर्ट ने 'ट्रिपल टेस्ट' पूरा किए बिना आरक्षण पर रोक लगा दी थी। इसके बाद राज्य सरकार ने जे.के. बंठिया आयोग का गठन किया, जिसने जुलाई 2022 में रिपोर्ट सौंपी। मई 2025 में अदालत ने निर्देश दिया कि चुनाव चार महीने में कराए जाएं और आरक्षण बंठिया आयोग से पहले की स्थिति के अनुसार लागू हो, लेकिन अदालत ने स्पष्ट किया कि इसे 50% से अधिक आरक्षण की अनुमति मान लेना गलत व्याख्या है।

## मासिक धर्म का सबूत मांगने पर केंद्र व राज्य से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/रोहतक

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि हरियाणा में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में महिला सफाई कर्मचारियों को अपने प्राइवेट पार्ट की तस्वीरें दिखाकर यह साबित करने के लिए कहा गया था कि उन्हें मासिक धर्म हो रहा है। जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किया है।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि यह मानसिकता को दर्शाता है। कर्नाटक में वे मासिक धर्म के लिए छुट्टी दे रहे हैं।

### 15 दिसंबर को मामले की अगली सुनवाई

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष और वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने कहा कि यह एक गंभीर आपराधिक मामला है और इस पर ध्यान देने की जरूरत है। याचिका पर अब अगली सुनवाई के लिए 15 दिसंबर की तारीख तय की गयी है।

इसे पढ़ने के बाद मैंने सोचा कि क्या वे छुट्टी देने के लिए सबूत मांगेंगे। उन्होंने कहा कि यह लोगों की मानसिकता को दर्शाता है।

### क्या है मामला?

दरअसल हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष के विश्वविद्यालय परिसर का दौरा करने से कुछ घंटे पहले 26 अक्टूबर को यह कथित घटना हुई। तीन महिला सफाई कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को दी शिकायत में आरोप लगाया कि अस्वस्थ होने की जानकारी देने के बावजूद दो पर्यवेक्षकों ने पहले उन्हें परिसर में सफाई करने के लिए मजबूर किया और फिर उनसे यह साबित करने के लिए कहा कि वे मासिक धर्म से गुजर रही हैं।

## यूपी और महाराष्ट्र में आधार नहीं होगा जन्म तिथि का प्रमाण

**रद्द होंगे आधार से बने जन्म प्रमाण पत्र**




**नई दिल्ली।** यूपी और महाराष्ट्र में आधार कार्ड को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। यूपी और महाराष्ट्र में आधार कार्ड को अब जन्म तिथि का प्रमाण नहीं माना जाएगा। यूपी सरकार के नियोजन विभाग ने अब आधार कार्ड को बर्थ डेट सर्टिफिकेट के रूप में मान्य करने के मना कर दिया है। मतलब यूपी में अब आधार कार्ड जन्म तिथि का प्रमाण नहीं माना जाएगा। किसी भी सरकारी काम के लिए आधार कार्ड को जन्मतिथि के प्रामाणिक दस्तावेज के तौर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने सभी विभागों के प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिवों को आदेश जारी कर सूचित कर दिया है। साथ ही महाराष्ट्र में भी केवल आधार कार्ड ने बने सभी जन्म प्रमाण पत्र रद्द किए जाएंगे। बता दें कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने गत 31 अक्तूबर एक पत्र जारी किया था। इसमें विभाग ने बताया था कि आधार कार्ड जन्म तिथि का अनुमन्य प्रमाण नहीं है। योगी सरकार ने इसी पत्र को आधार बनाकर नियोजन विभाग को आदेश देने के लिए कहा।

### इसलिए उठाया कदम

महाराष्ट्र में राज्य राजस्व विभाग ने नोटिस जारी करते हुए बताया कि विलंबित जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए आधार कार्ड को एक दस्तावेज के रूप में नहीं माना जाएगा और जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 के बाद केवल आधार कार्ड के माध्यम से बनाए गए सभी जन्म प्रमाण पत्र रद्द कर दिए जाएंगे। सरकार ने यह फैसला फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों के अवैध इस्तेमाल को रोकने के लिए लिया है। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने आधार कार्ड का इस्तेमाल करके जारी किए गए सभी संदिग्ध प्रमाण पत्रों को रद्द करने का आदेश दिया है।

---

# अनंतनाग में जैश-ए-मोहम्मद का ठिकाना ध्वस्त, मददगार भी दबोचा

**सुरक्षाबलों का एक्शन, विस्फोटक भी बरामद**



**जम्मू कश्मीर।** जम्मू कश्मीर के अवंतीपोरा पुलिस और सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक आतंकी ठिकाने को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई अवंतीपोरा के ननार मीडूरा क्षेत्र में की गई, जहां विश्वसनीय सूचना मिलने पर पुलिस, 42 आरआर और 180 बटालियन सीआरपीएफ ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने एक व्यक्ति को पकड़ा, जिसकी पहचान नजीर अहमद गनई, पुत्र अब्दुल अजीज गनई, निवासी गनई मोहल्ला ननार के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार नजीर जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा हुआ है और वह आतंकियों को सहायता प्रदान करता रहा है। पूछताछ में नजीर ने अपने बागान में छिपाए गए एक आतंकी ठिकाने की जानकारी दी।

### हैंड ग्रैनेड, डेटोनेटर जैसे विस्फोटक मिले

नजीर की निशानदेही पर सुरक्षा बल जब बागान में पहुंचे तो वहां छिपा हुआ ठिकाना मिला। तलाशी में दो हैंड ग्रेनेड, एक डेटोनेटर और विस्फोटक जैसा पदार्थ बरामद किया गया। बरामद सामग्री को जांच के लिए जब्त किया गया। ठिकाने को मौके पर मौजूद कार्यपालक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि नजीर लंबे समय से ट्राल और अवंतीपोरा क्षेत्र में सक्रिय जैश आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देता था। वह हथियारों और गोला-बारूद की आवाजाही में भी मदद करता था, जिससे इलाके में आतंकियों की गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा था।

## गांव से खाना लेकर जंगल भागे 3 आतंकी

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके में तीन संदिग्ध आतंकियों की आवाजाही की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, ये आतंकवादी चिल्ला बलोथा गांव में एक स्थानीय व्यक्ति से खाना लेने पहुंचे थे, जिसके बाद पूरे इलाके में अलर्ट जारी कर दिया गया। सूचना मिलते ही भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और CRPF की ज्वाइंट टीम हरकत में आई. सुरक्षा बलों ने जंगलों, पहाड़ी इलाकों और गांवों में गहन तलाशी अभियान चलाया। इलाके की घेराबंदी बढ़ा दी गई है और सभी मेन आने-जाने वाले रूट्स पर निगरानी तेज कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि उच्च सतर्कता बरती जा रही है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा बलों ने कहा कि यह अभियान सिर्फ इलाके की सुरक्षा सुनिश्चित करने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए शुरू किया गया है।



## अपार्टमेंटों में अब भी घना धुआं टॉर्च लेकर जले शवों की तलाश

एजेंसी ▶▶| ताईपो

हांगकांग में एक बहुमंजिला अपार्टमेंट परिसर में लगी आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन कर्मी दूसरे दिन भी संघर्ष करते रहे। इस हादसे के बाद मृतकों की संख्या बृहस्पतिवार को बढ़कर 128 हो गई। बचावकर्मी टॉर्च लेकर जले हुए टॉवरों के पास एक अपार्टमेंट से दूसरे अपार्टमेंट में जा रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि अग्निशमन दल अब भी सात टॉवरों के सभी घरों में हताहतों की तलाश कर रहे हैं। वहीं, वांग फुक कोर्ट परिसर की कुछ खिड़कियों से घना धुआं निकल रहा था। उत्तरी उपनगर ताई पो जिले में स्थित इन इमारतों में हजारों लोग रहते हैं। अग्नि सेवा अभियान के उप निदेशक डेरेक आर्मस्ट्रांग चान ने कहा, 'हमारा अग्निशमन अभियान लगभग पूरा हो गया है। अगला चरण गहन तलाशी और बचाव अभियान है।' यह आग बुधवार दोपहर को बांस के मचान और निर्माण जाल से शुरू हुई मानी जा रही है, जो तेजी से सात इमारतों में फैल गई।




### हजार लोग अस्थायी आश्रयों में स्थानांतरित

दमकल सेवा विभाग के अनुसार, इस भीषण अग्निकांड में 128 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 अग्निशमन कर्मियों सहित 70 से अधिक लोग घायल हुए हैं। रात भर में लगभग 1000 लोगों को अस्थायी आश्रयों में स्थानांतरित किया गया है।

---


बच्चों के लिए साफ हवा मांग रहीं मांओं से मिले राहुल गांधी

# 'बच्चे जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं, सरकार क्यों चुप हैं?'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ रहा प्रदूषण चिंता का सबब बन गया है। हर कोई हलाकान है, इस बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपने आवास पर दिल्ली की महिलाओं के एक समूह और वॉरियर्स मॉम: मदर्स फॉर क्लीन एयर संस्था के सदस्यों के साथ बातचीत की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर बातचीत का वीडियो शेयर कर संसद के शीतकालीन सत्र से पहले प्रदूषण को लेकर सदन में विस्तृत चर्चा की मांग की। राहुल ने साथ ही प्रदूषण पर दिल्ली व केंद्र सरकार की चुप्पी पर भी सवाल उठाए, उन्होंने कहा,'बच्चे जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं, प्रधानमंत्री भी क्यों चुप हैं?' उन्होंने प्रदूषण से निपटने के लिए सख्त और प्रभावी एक्शन प्लान की मांग करते हुए पूछा कि सरकार इस मुद्दे पर एक्टिव क्यों नहीं है।

**एलओपी ने सरकार से पूछे सवाल प्रभावी एक्शन प्लान बनाने कहा**



**भयावह राष्ट्रीय आपदा के बीच सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी**

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, इतनी भयावह राष्ट्रीय आपदा बीच भी सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है और समय तेजी से हमारे हाथों से फिसल रहा है। भारत को तुरंत इस पर गंभीर चर्चा और निर्णायक कार्रवाई चाहिए ताकि हमारे बच्चे साफ हवा तक के लिए संघर्ष न करें बल्कि एक ऐसे भारत में बड़े हों जो उन्हें सेहत, सुरक्षा और उभरने का पूरा आसमान दे सकें।

### लोग थके हुए डरे हुए और गुस्से में हैं

*राहुल ने वीडियो में कहा कि मैं जिस भी मां से मिलता हूं, वो कहती हैं कि उनका बच्चा जहरीली हवा में सांस लेकर बड़ा हो रहा है। लोग थके, डरे हुए और गुस्से में हैं। मोदी जी भारत के बच्चे हमारे सामने घुट रहे हैं। हमारे बच्चे स्वच्छ हवा में सांस लेना डिजर्व करते हैं। राहुल ने कहा, बच्चों का दर्द सबसे गहरी चोट की तरह मांओं के दिल में उतरता है। दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ लड़ रहीं ऐसी ही कुछ साहसी मांओं से मिला- वे अपने ही नहीं, पूरे देश के बच्चों के भविष्य को लेकर डरी हुई हैं। जहरीली हवा से छोटे-छोटे बच्चे फेफड़ों, दिल और मानसिक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।*

जंग के बीच 800 करोड़ का घोटाला

## जेलेंस्की के करीबी सलाहकार एंड्री येरमाक के घर छापेमारी

एजेंसी ▶▶| कीव



रूस से चल रही जंग के बीच यूक्रेन में 800 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। घोटाले की जांच के दौरान राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के सबसे भरोसेमंद सलाहकार और चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री येरमाक के घर पर एंटी-करप्शन एजेंसियों ने छापेमारी की है। यूक्रेन की राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी (नाबू) और सैप (विशेष एंटी-करप्शन अभियोजन कार्यालय) ने येरमाक के अपार्टमेंट की तलाशी ली है। एजेंसियों ने कहा कि यह कार्रवाई अदालत की अनुमति से की गई है। हालांकि अब तक जेलेंस्की या येरमाक पर किसी भी गलत काम का आरोप नहीं लगा है। 54 वर्षीय येरमाक ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जांच टीमें उनके घर पर कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई कर रही हैं। उनके वकील भी मौजूद हैं। येरमाक ने बताया कि वो जांच में पूरा सहयोग दे रहे हैं।

रायपुर
शनिवार, 29 नवंबर 2025
अगहन शुक्ल पक्ष नवमी
वर्ष: 24, अंक: 131
पृष्ठ: 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 26.9
न्यून. 11.7

**कांग्रेस की बहुप्रतिक्षित सूची जारी, 41 जिलाध्यक्षों की घोषणा**

# रायपुर शहर मेनन, बंजारे ग्रामीण अध्यक्ष बाकलीवाल को दुर्ग शहर का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

कांग्रेस पार्टी ने जिलाध्यक्षों की बहुप्रतिक्षित सूची जारी कर दी है। शुक्रवार को 41 जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई है। राजधानी रायपुर में शहर जिलाध्यक्ष के रूप में श्रीकुमार शंकर मेनन के नाम पर मुहर लगी है। इसी तरह से रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष के रूप में राजेंद्र पप्पू बंजारे को चुना गया है।

**लखमा के बेटे हरीश को मिली सुकमा की कमान**


श्रीकुमार शंकर मेनन


राजेंद्र पप्पू बंजारे


धीरज बाकलीवाल


मुकेश चंद्राकर

बिलासपुर शहर जिलाध्यक्ष सिधांशु मिश्रा और ग्रामीण में महेंद्र गंगोत्री को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा पूर्व मंत्री कवासी लखमा के बेटे हरीश लखमा को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए सुकमा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

शुक्रवार देर शाम कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर से यह सूची जारी की गई है, जिसमें राज्य के 41 जिला संगठन अध्यक्षों के नाम शामिल हैं। राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें, तो सूची में शामिल कई नाम ऐसे भी हैं, जिन्हें बड़े नेताओं का करीबी माना जाता है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभाध्यक्ष डा.चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री कवासी लखमा, मोहम्मद अकबर आदि के करीबी व उनकी पसंद के अध्यक्ष शामिल हैं। रायपुर (शहर) की बात करें, तो यहां संगठन के एक प्रमुख नेता ने एक युवा नेता के नाम पर जोर लगाया था, लेकिन यहां से दो पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा और धनेंद्र साहू की पसंद ▶▶|शेष पेज 5 पर


**सूची इस प्रकार है**

- बालोद-चंद्रेश कुमार हिरवानी
- बलौदाबाजार- सुमित्रा धृतलहरे,
- बलरामपुर- हरिहर प्रसाद यादव
- बस्तर ग्रामीण-प्रेम शंकर शुक्ला
- बेमेतरा-आशीष छाबड़ा
- भिलाई-शहर मुकेश चंद्राकर
- बीजापुर-लालू राठौर
- बिलाईगढ़-सारंगढ़ ताराचंद देवांगन
- बिलासपुर शहर-सिधांशु मिश्रा
- बिलासपुर ग्रामीण-महेंद्र गंगोत्री
- दंतेवाड़ा-सलीम राजा उस्मानी
- धमतरी-तारणी चंद्राकर
- दुर्ग शहर-धीरज बाकलीवाल
- दुर्ग ग्रामीण-राकेश ठाकुर
- गरियाबंद-सुखचंद बेसरा
- गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- गजमति भानू
- जगदलपुर शहर-सुशील कुमार मौर्य
- जाजंगीर चांपा-राजेश अग्रवाल
- जशपुर-यूडी मिंज
- कांकेर-बसंत यादव
- कवर्धा-नवीन जायसवाल
- खैरागढ़- छुईखदान-गंडई-कोमल दास साहू
- कोंडागांव-रवि घोष
- कोरबा शहर-मुकेश कुमार राठौर
- कोरबा ग्रामीण-मनोज चौहान
- कोरिया-प्रदीप कुमार गुप्ता
- महासमुंद-द्वारिकाधीश यादव
- मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर-अशोक श्रीवास्तव
- मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी-सुरजीत सिंह ठाकुर
- मुंगेली-घनश्याम प्रसाद वर्मा
- नारायणपुर-राजेश कुमार दीवान
- रायगढ़ शहर-सखा यादव
- रायगढ़ ग्रामीण-नागेंद्र नेगी
- रायपुर शहर-श्रीकुमार शंकर मेनन
- रायपुर ग्रामीण-राजेंद्र पप्पू बंजारे
- राजनांदगांव-जितेंद्र उदय मुदलियार
- राजनांदगांव ग्रामीण-विपिन यादव
- सक्ती-रश्मि गभेल
- सुकमा-हरीश लखमा
- सूरजपुर-शशि सिंह कोर्राम
- सरगुजा-बालकृष्ण पाठक।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बजरी भरा डंपर कार पर पलटा, पूरा परिवार मृत



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे मेंबजरी से भरा एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर एक कार पर पलट गया जिससे कार में सवार 7 लोगों की मौत हो गई। मृतक परिवार किसी परिजन की अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहा था।

### बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी का शार्ट एनकाउंटर, गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के रायसेन में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। घटना के लगभग एक हफ्ते के बाद पुलिस ने आरोपी को भोपाल से पकड़ा। आरोपी के पैर में गोली लगने के कारण उसे फिलहाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान सलमान के रूप में हुई है।

### जमीनी विवाद पर महिला की गोली मारकर हत्या



**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले में जमीन विवाद को लेकर हुई हिंसक झड़प के दौरान शुक्रवार सुबह एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना नौगांवा थाना क्षेत्र के रायसिख बास गांव की है, जहां एक ही परिवार के दो पक्ष के लोगों ने एक-दूसरे पर लाठियों और पत्थरों से हमला किया।

### पुलिस दल पर गाड़ी चढ़ाने वाले चार गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र में पुलिस दल पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश करने के आरोप में शुक्रवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी संजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने बृहस्पतिवार की रात एक एसयूवी कार को जांच के लिए रोका, जिसमें सवार पुष्कर चौधरी, तरुण चौधरी, प्रियांशु चौधरी और वंश चौधरी ने पुलिस दल पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की और फरार हो गए।

### बुजुर्ग महिला की हत्या के आरोप में पुत्रवधू गिरफ्तार



**मुंबई।** घाटकोपर इलाके में 51 वर्षीय एक महिला को दो दिन पहले अपनी सास के घर में लूटपाट करने और उसकी हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुकुंद नगर सोसाइटी में अकेली रहने वाली शहनाज अनीस काजी (65) अपने चौथी मंजिल स्थित अपने फ्लैट में पड़ोसियों को मृत मिलीं। उनके सिर पर चोट के निशान थे।

**गोवा में एशिया की सबसे बड़ी भगवान श्रीराम की मूर्ति का किया अनावरण**

# श्रीकृष्ण मठ से बोले मोदी- सच्चाई की स्थापना के लिए अत्याचारियों का अंत करना भी ज़रूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के उडुपी स्थित श्री कृष्ण मठ में दर्शन, पूजा-अर्चना की। कृष्ण मठ में लक्ष कंठ गीता पारायण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि गीता के शब्द न केवल लोगों को रास्ता दिखाते हैं, बल्कि देश की नीतियों को भी दिशा देते हैं। भगवद गीता में भगवान कृष्ण ने सभी ज्ञानी लोगों को यह बात साफ़-साफ़ बताई है। भगवान श्री कृष्ण ने युद्ध के मैदान में गीता का संदेश दिया था। भगवद गीता हमें सिखाती है कि शांति और सच्चाई की स्थापना के लिए, कभी-कभी अत्याचारियों का अंत ज़रूरी होता है।*

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संतों की उपस्थिति मेरे लिए परम सौभाग्य की बात है। गुजरात और उडुप्पी के बीच गहरा संबंध है। उडुपी जनसंघ और बीजेपी के सुशासन मॉडल की कर्मभूमि है। उडुपी की धरती पर आना हमेशा अद्भुत होता है। गीता के श्लोकों का पाठ शताब्दियों से हो रहा है। राम मंदिर आंदोलन में उडुपी की भूमिका बड़ी है. पिछले दिनों राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह हुआ। अयोध्या में राम मंदिर में धर्मध्वजा की स्थापना हुई। पीएम मोदी ने आगे कहा कि रामचरितमानस में लिखा है कि कलयुग में, भगवान हरि की महिमा का गान करना और उन्हें भक्ति के साथ याद करना ही साधना का सबसे बड़ा साधन है। दूसरे शब्दों में, इस युग में, भगवान के नाम और लीलाओं का जाप ही सबसे बड़ा रास्ता है।

- एक लाख लोगों के साथ श्लोकवाचन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां कृष्ण गर्भगृह के सामने बने सुवर्ण तीर्थ मंडप का उद्घाटन ▶▶|शेष पेज 5 पर



**भगवत गीता हमें सिखाती है कि शांति और सत्य की स्थापना के लिए अत्याचारियों का अंत भी जरूरी है**

'मिशन सुदर्शन चक्र का उद्घोष'अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, 'श्री कृष्ण ने युद्ध की भूमि पर गीता का संदेश दिया था और भगवत गीता हमें सिखाती है कि शांति और सत्य की स्थापना के लिए अत्याचारियों का अंत भी जरूरी है। हम लाल किले की प्राचीर से श्री कृष्ण की करुणा का संदेश देते हैं और उसी प्राचीर से हम मिशन सुदर्शन चक्र का भी उद्घोष करते हैं।'

### एशिया की सबसे ऊंची राम प्रतिमा का अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोवा के कनाकोना स्थित श्री संस्थान गोकर्ण पार्टगली जीवोत्तम मठ के 550वें वर्ष समारोह 'सर्धा पंचशतामनोंत्सव' में शामिल होने पहुंचे। मठ में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने एशिया की सबसे ऊंची भगवान राम की 77 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा का भी अनावरण किया। यह प्रतिमा मठ परिसर में स्थापित की गई है। मोदी ने कहा यह मठ लंबे समय से गोवा और आसपास के क्षेत्रों में आध्यात्मिक केंद्र के रूप में जाना जाता है। इस मौके पर उन्होंने मठ में पूजा-अर्चना भी की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने मठ के संतों से आशीर्वाद लिया।

### मोदी का पाकिस्तान को कड़ा संदेश?

उन्होंने इशारों-इशारों में कड़ा संदेश देते हुए कहा, 'मिशन सुदर्शन चक्र का मतलब देश के प्रमुख स्थानों की, उद्योगिक और सार्वजनिक क्षेत्रों की सुरक्षा की ऐसी दीवार बनाना जिसे दुश्मन भेद न पाए। अगर दुश्मन दुस्साहस दिखाएगा तो हमारा सुदर्शन चक्र उसे तबाह कर देगा। देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा है।'

### पिछली सरकार पर भी साधा निशाना

प्रधानमंत्री ने आगे पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा, 'पहलगाम के आतंकी हमले में कई देशवासियों ने अपना जीवन गंवाया। इन पीड़ितों में कर्नाटक के भाई-बहन भी शामिल थे। पहले जब ऐसे आतंकी हमले होते थे, तो सरकारें हाथ पर हाथ धरकर बैठ जाती थीं। लेकिन यह नया भारत है। यह न किसी के आगे झुकता है और न ही अपने नागरिकों की रक्षा के कर्तव्य से डिगता है। हम शांति स्थापित करना भी जानते हैं और शांति की रक्षा करना भी जानते हैं।'

# इमरजेंसी में इलाज से इंकार नहीं कर सकते अस्पताल लाइसेंस होगा निरस्त




एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

केरल हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि कोई भी अस्पताल आपात स्थिति में आने वाले मरीजों को पहले भुगतान न करने पर इलाज मुहैया कराने से इन्कार नहीं कर सकता। संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत जीवन के अधिकार पर जोर देते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा और पारदर्शिता से जुड़े प्रावधानों का उद्देश्य जनहित हैं। कोर्ट ने कहा राज्य का कोई भी अस्पताल या क्लिनिकल प्रतिष्ठान किसी आपातकालीन मरीज को पैसे न होने या दस्तावेजों की कमी के आधार पर प्राथमिक जीवन रक्षक इलाज देने से इन्कार नहीं कर सकता। हर अस्पताल को अपनी क्षमता के मुताबिक मरीज को स्थिर स्थिति में लाने के जरूरी उपाय करने होंगे।

### केपीएचए और आईएमए की याचिका पर सुनवाई

खंडपीठ केरल प्राइवेट हॉस्पिटल्स एसोसिएशन (केपीएचए) और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केरल क्लिनिकल एस्टॅब्लिशमेंट एक्ट, 2018 को बहाल रखने के लिए एकल पीठ के फैसले को चुनौती दी गई थी। याचिका में मुख्यतः अधिनियम धारा 47 व धारा 39 (शुल्कों का प्रदर्शन) को चुनौती दी गई थी।

### रिसेप्शन व वेबसाइट पर सेवाएं व शुल्क दर्शाने होंगे

पीठ ने आदेश दिया कि अस्पतालों में एक शिकायत डेस्क होनी चाहिए, रेफरेंस नंबर जारी करने के साथ सात दिनों के अंदर शिकायतों का समाधान करना चाहिए। गंभीर मामले डीएमओ की निगरानी में लाने चाहिए और हर महीने एक शिकायत रजिस्टर रखना चाहिए। अस्पताल में बेड कैटगरी आईसीयू ओटी की उपलब्धता, इमेजिंग और लैबोरेटरी की सुविधाएं व एम्बुलेंस/संपर्क नंबर का ब्योरा स्पष्ट दर्शाया जाना चाहिए।

**पूछताछ में मामले में नया मोड़**

# स्कूल टीचर किडनैप, कैद में दिखाते तस्वीर भेजी और पति से मांगी फिरौती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई के छावनी थाना क्षेत्र में सेक्टर 8 स्थित मूक बधिर स्कूल में पढ़ाने वाली महिला टीचर की किडनैपिंग की खबर से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। महिला के पति ने पुलिस को बताया कि किडनैपर ने उससे 5 लाख रुपए की फिरौती मांगी है। पुलिस की अलग अलग टीमों ने मिलकर कुछ ही घंटों में टीचर और एक युवक को पकड़ा। पुलिस कैडनैपिंग के मामले से इंकार कर रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों से पूछताछ चल रही है, उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

- पुलिस ने एक संदिग्ध के साथ महिला को बरामद किया

छावनी थाने से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह ▶▶|शेष पेज 5 पर

### कहानी ने लिया दूसरा मोड़

*मुकेश सीधे छावनी थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी सच्चाई बताई। अपहरण और फिरौती का मामला होने के कारण पुलिस ने बिना वक्त गंवाए जांच शुरू कर दी। कुछ घंटे बाद ही कहानी ने अचानक अलग मोड़ ले लिया। पुलिस ने राधा साहू को सकुशल खोज निकाला। वो किसी अन्य व्यक्ति के साथ पकड़ी गई। पुलिस ने दोनों से पूछताछ की और किडनैपिंग वाली बात पूछी तो उन्होंने गोलमोल जवाब देना शुरू कर दिया। पुलिस महिला और उसके साथ घूम रहे युवक को पकड़ा और थाने लाई। दोनों से पूछताछ की जा रही है।*

### संदिग्ध और महिला से पूछताछ

छावनी थाना अंतर्गत एक महिला टीचर के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। महिला को सकुशल बरामद कर लिया गया है। एक संदेही को भी पकड़ा गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

-सुखनंदन राठौर, एएसपी दुर्ग

# चक्रवात से श्रीलंका में 56 की मौत भारत के कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका में चक्रवाती तूफान दितवाह के अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 600 से ज्यादा घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। श्रीलंका में हुए भारी जानमाल को देखते हुए भारत ने श्रीलंका को खाद्य सामग्री, दवाइयों सहित अन्य राहत सामग्री भेजी है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत हमेशा से श्रीलंका के साथ है और उसके साथ हर परिस्थिति में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। वहीं भारत में चक्रवात सेंयार और बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव की वजह से दक्षिण भारत में भारी बारिश, तेज हवाएं चलेंगी।



### इन राज्यों में होगी बारिश

भारतीय मौसम विभाग ने तमिलनाडु, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश और अंडमान-निकोबार के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। कहा जा रहा है कि चक्रवात 29 व 30 नवंबर को दक्षिण में टकरा सकता है।

### मूसलाधार बारिश ने मचाई तबाही

बता दें कि पिछले सप्ताह से ही श्रीलंका खराब मौसम से जूझ रहा है। हालांकि, गुरुवार को मूसलाधार बारिश ने यहां तबाही मचा दी। तेज बारिश के कारण कई जगह घर, सड़कें और खेत पानी में डूब गए। इसके चलते कई इलाकों में भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं। सरकार के मुताबिक, सबसे ज्यादा तबाही बदुल्ला और नुवारा एलिया के पहाड़ी चाय उत्पादन क्षेत्रों में दिखी, जहां गुरुवार को ही 25 लोगों की मौत हो गई।

**डेढ़ साल में सबसे तेज**

# जीडीपी ने लगाई छलांग, दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



देश की अर्थव्यवस्था ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो पिछले छह तिमाहियों में सबसे अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि कारखाना उत्पादन में तेजी और सेवा क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन ने कृषि क्षेत्र की सुस्ती को निष्प्रभावी कर दिया। इस तीव्र वृद्धि ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में बरकरार रखा है।

### जनवरी में और बढ़ने का अनुमान

जनवरी में पेश आर्थिक समीक्षा में इसके में 6.3-6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र ने पिछली तिमाही में 9.1 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दिखाई जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 2.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी।

**2027 में होने वाला अर्धकुंभ मकर संक्रांति से शुरू होकर चलेगा तीन महीने**

# हरिद्वार अर्धकुंभ में पहली बार होंगे चार अमृत स्नान, तिथियां घोषित

एजेंसी ▶▶| हरिद्वार

हरिभूमि सरोकार

उत्तराखंड की धर्मनगरी हरिद्वार में 2027 में होने वाला अर्धकुंभ 3 महीने तक चलेगा। यह आयोजन हरिद्वार के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना होगी। अर्धकुंभ में पहली बार चार अमृत स्नान होने जा रहे हैं, जिनकी तिथियां घोषित कर दी गई हैं।

उत्तराखंड में अर्धकुंभ के लिए लंबे समय से तैयारी चल रही है। इसी श्रृंखला में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को डामकोठी में 13 अखाड़ों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान बैठक में ▶▶|शेष पेज 5 पर

### अर्धकुंभ में साधु-संतों की भूमिका महत्वपूर्ण : धामी

इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अर्धकुंभ के आयोजन में संतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी संतों के सुझावों पर गंभीरता से विचार कर कुंभ मेले की व्यवस्थाओं को भव्य और व्यवस्थित बनाया जाएगा। सीएम धामी ने कहा कि कुंभ मेला भव्य, दिव्य और शानदार होगा। इसके लिए प्रशासनिक तैयारी भी तेज गति से चल रही हैं।



### 13 जनवरी मकर संक्रांति से मेले की शुरुआत

मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 जनवरी 2027 को मकर संक्रांति के दिन से मेले की शुरुआत हो जाएगी। बैठक में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने हरिद्वार में 2027 अर्धकुंभ मेले के लिए 10 प्रमुख स्नान की तिथियां घोषित की। जनवरी माह से अप्रैल तक चलने वाले इस महापर्व के लिए पहली बार साधु-संतों के साथ चार अमृत स्नान निर्धारित किए गए हैं।

### 6 मार्च को महाशिवरात्रि पर पहला अमृत स्नान

इन चार अमृत स्नानों में 6 मार्च 2027 को महाशिवरात्रि के दिन पहला अमृत स्नान होगा। 8 मार्च 2027 को सोमवती/फाल्गुनी अमावस्या के दिन दूसरा स्नान होगा। इसके बाद 14 अप्रैल 2027 को वैसाखी के अवसर पर तीसरा अमृत स्नान आयोजित किया जाएगा, जबकि 20 अप्रैल चैत्र पूर्णिमा के दिन चौथा अमृत स्नान संपन्न होगा।

### 6 फरवरी को मौनी अमावस्या

इनके अलावा प्रमुख पर्व की स्नान तिथियां भी घोषित की गई हैं। जिसके तहत 14 जनवरी 2027 को मकर संक्रांति, 6 फरवरी 2027 को मौनी अमावस्या, 11 फरवरी 2027 को बसंत पंचमी और 20 फरवरी 2027 के दिन माघ पूर्णिमा के अवसर पर प्रमुख पर स्नान होंगे।

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था की रफ्तार ने डेड कहने वालों को दिया जवाब

देश की विकास दर ने उन लोगों को करारा तमाचा मारा है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को डेड बता रहे थे। दुनिया में सबसे तेज गति से दौड़ रही अर्थव्यवस्था के मामले में भारत की विकास दर ने एक बार फिर कमाल किया है। कमाल भी ऐसा कि अर्थशास्त्री भी हैरान हैं। उनका अनुमान था कि भारत की जीडीपी लगभग 7.4 प्रतिशत की गति से बढ़ेगी, लेकिन वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 8.2 फीसदी की मजबूत विकास दर दर्ज की है। नॉमिनल जीडीपी में भी 8.7 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। यह वृद्धि दर पिछले साल की समान अवधि 5.6 प्रतिशत से काफी अधिक है और पिछले छह तिमाहियों में सबसे तेज है। इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय मुख्य रूप से विनिर्माण और वित्तीय क्षेत्रों में हुई मजबूत वृद्धि को जाता है। जो देश को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाता है। इस वृद्धि के पीछे गांवों में बढ़ी हुई मांग और सरकारी खर्च का बड़ा हाथ है, जबकि महंगाई दर निचले स्तर पर बनी हुई है। विनिर्माण और निर्माणः द्वितीयक क्षेत्र ने 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिसमें विनिर्माण का 9.1 और निर्माण का 7.2 फीसदी का योगदान रहा। इसमें खेती-बाड़ी और खनन उद्योग शामिल हैं। इस साल दूसरी तिमाही में इन क्षेत्रों ने सालाना आधार पर 3.1 प्रतिशत की ग्रोथ दिखाई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 3.5 थी। खनन क्षेत्र में थोड़ी गिरावट आई। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में यह 0.04 फीसदी सिकुड़ा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 0.4 सिकुड़ा था। देश की आर्थिक ग्रोथ को गांवों की मजबूत अर्थव्यवस्था, सरकारी खर्च में बढ़ोतरी और निर्यात की जल्दी हुई शिपमेंट से सहारा मिला है। सरकारी पूंजीगत व्यय सितंबर तिमाही में 31 फीसदी बढ़ा है। हालांकि यह पिछली तिमाही के 52 के उछाल से कम है, लेकिन पिछले साल के 10 फीसदी ग्रोथ से काफी बेहतर है। अमेरिका के टैरिफ बढ़ाने के बावजूद निर्यात ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें 8.8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो पिछले साल इसी अवधि में 7 की गिरावट से उलट है। हालांकि माना यह भ्ज्ञी जा रहा है कि अमेरिका में टैरिफ लगने से पहले निर्यात की जल्दी हुई शिपमेंट ने इसमें मदद की। घरेलू खपत, जो अर्थव्यवस्था का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है, जुलाई-सितंबर तिमाही में मजबूत हुई। गांवों में बेहतर कृषि उत्पादन के कारण वहां खर्च बढ़ा। हालांकि, शहरों की मांग और निजी निवेश अभी भी धीमे बने हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ सनक के चलते पूरी दुनिया में भू-राजनीतिक स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, ऐसे में भारत की आर्थिक वृद्धि वैश्विक मंच पर उसकी स्थिति और प्रभाव बनाए रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। वैसे भी भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार नए आयाम हासिल कर रही है। ऐसे में लगातार मजबूत होती जीडीपी ग्रोथ बता रही है कि भारत की रफ्तार अब रुकने वाली नहीं है। इस समय भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह वर्तमान में अमेरिका, चीन और जर्मनी से पीछे है। हालांकि, उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक भारत जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अप्रैल 2025 में भारत ने जापान को पीछे छोड़ दिया था। अब हम जर्मनी को पछाड़ने की तैयारी में लगे हैं। अगर यही रफ्तार रही तो देश को वर्ष 2030 तक का इंतजार नहीं करना होगा।



सुरक्षा
अवधेश कुमार

# आतंक के व्यापक तंत्र का उत्तर कैसे दें

आतंकियों ने दिल्ली में लाल किले पर अचानक कार विस्फोट नहीं किया, बल्कि इनकी काफी पहले से ही कोशिश चल रही थी। 6 दिसंबर को अयोध्या से लेकर अनेक स्थलों पर विस्फोट करने और उसके बाद इसकी श्रृंखला कायम रखने की तैयारी थी। अलफलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन से प्राप्त डंप डेटा से पता चला है कि उसने और उमर ने इस वर्ष जनवरी में लाल किले क्षेत्र की भी कई बार रेकी की थी। ये रेकी गणतंत्र दिवस पर इसको निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। लेकिन उस समय कड़ी सुरक्षा के कारण सफल नहीं हो पाई।

दिल्ली लाल किला आतंकवादी कार विस्फोट की छानबीन से आ रही जानकारियों ने पूरे देश में भय और सनसनाहट पैदा की हुई है। अभी तक की जानकारियां बता रही हैं कि अगर आतंक का यह मॉड्यूल सफल हो गया होता तो देश में जगह-जगह अनगिनत विस्फोट होते और उसमें होने वाली मानवीय एवं संपत्तियों की क्षति का तो आकलन भी नहीं किया जा सकता। सच कहें तो आतंकवाद के दौर की शुरुआत से अब तक पूरे देश में विध्वंस पैदा करने का यह सबसे बड़ा तंत्र सामने आया है। बताया गया है कि विस्फोट के लिए 32 कारों की व्यवस्था थी, जिनमें से कई बरामद हो चुकी हैं। इन कारों के अलावा अलग-अलग तरीकों से भी विस्फोटों की तैयारी थी। उनकी तैयारियों का एक उदाहरण देखिए। कार विस्फोट में आत्मघाती बने उमर उन नबी के जम्मू कश्मीर अनंतनाग के काजीगुंडा से गिरफ्तार साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश से पता चला है कि हमास द्वारा 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर किए गए ड्रोन और रॉकेट से हमला की पुनरावृत्ति करने की भी तैयारी थी। उसे छोटे ड्रोन हथियार बनाने और उन्हें मॉडिफाई करने का तकनीकी अनुभव है। उसने डॉ. उमर को तकनीकी मदद दी और वह भीड़भाड़ वाले इलाके में ड्रोन से बम गिराने की योजना को साकार करने के लिए ड्रोन और रॉकेट बनाने की कोशिश कर रहा था।

विस्फोट में इस्तेमाल कार खरीदने के लिए दिल्ली आया राशिद अली भी जम्मू कश्मीर का रहने वाला है। वास्तव में अब तक की छानबीन हमें कई पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने को भी विवश करती है। अभी तक इस भयानक आतंकवादी मॉड्यूल में छह ऐसे सम्मिलित डॉक्टर गिरफ्तार किए गए हैं, जिनका दिमाग चिकित्सा में अच्छा करने की जगह मजहब के नाम पर हमला हत्या और विध्वंस पैदा करने की दिशा में ही लगा था। श्रीनगर का रहने वाला एक अन्य संदिग्ध डॉ. निसार फरार है। वह डॉक्टर्स एसोसिएशन ऑफ कश्मीर का अध्यक्ष भी है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने डॉ. निसार को बर्खास्त कर दिया है। इन्होंने अचानक कार विस्फोट नहीं किया, बल्कि पहले से कोशिश चल रही थी। 6 दिसंबर को अयोध्या से लेकर अनेक स्थलों पर विस्फोट करने और उसके बाद इसकी श्रृंखला कायम रखने की तैयारी थी। अलफलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन से प्राप्त डंप डेटा से पता चला है कि उसने और उमर ने इस वर्ष जनवरी में लाल किले क्षेत्र की भी कई बार रेकी की थी। ये रेकी गणतंत्र दिवस पर इसको निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। उस समय क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण ये ऐसा नहीं कर सके। उच्च शिक्षित होने के कारण ये किस तरह हर प्रकार की तकनीक को समझ कर उसका उपयोग कर पाते थे इसका प्रमाण भी देखिए। उमर उन नबी, डॉ. मुजम्मिल गनई और डॉ. शहीन शाहिद ने स्विट्जरलैंड के 'थ्रीमा' नाम के एन्क्रिप्टेड ऐप से बातचीत की थी। इसी ऐप के जरिए वे धमाके की योजना, नक्शे सहित आवश्यक दस्तावेज व जानकारियां साझा कर रहे थे। थ्रीमा ऐप फोन नंबर या ईमेल के बिना काम करता है और हर यूजर को एक यूनिक आईडी देता है, जिससे उसका पता लगाना मुश्किल हो जाता है। हम और आप में से कितने लोगों ने थ्रीमा ऐप का नाम सुना है



या उपयोग किया है? पता नहीं अभी इसमें और क्या-क्या जानकारियां सामने आएंगी। डॉक्टर बनने वाला कोई व्यक्ति छात्र के रूप में थोड़ा मेधावी तो होगा ही। इमरान मसूद जैसे नेता इनको भटका हुआ बता दें या हुसैन दलवई जैसे मुस्लिम नेता कहें कि चुनाव के पहले ही विस्फोट क्यों होता है, यह कहा जाए कि आप इसको इस्लामी आतंकवाद ना कहिए तो क्या उत्तर दिया जा सकता है? पुलिस की छानबीन में उनके पहले किसी अपराधी से संपर्क आदि की भी जानकारी नहीं है। एक डॉक्टर को समाज में इज्जत मिलती है और उसकी गतिविधियों पर सहसा संदेश नहीं किया जा सकता। आखिर कानपुर में किसने सोचा होगा कि डॉक्टर शाहीन शाहिद जैश ए मोहम्मद की इतनी बड़ी आतंकवादी होगी और उसके पास एक-47 जैसा हथियार होगा? सामने आया है कि धमाके के लिए 20 से 25 लख रुपये इकट्ठा करने में उसकी प्रमुख भूमिका थी, इसमें हरियाणा और पंजाब से लेकर दिल्ली, गुजरात, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश तक आसानी से लोग आतंकवादी बन जाते हैं तो इसका कारण समझने के लिए अंतरिक्ष विज्ञानी होना आवश्यक नहीं है। बगैर स्थानीय और परिवार के लोगों के सहयोग के इतना बड़ा तंत्र खड़ा हो ही नहीं सकता। फरीदाबाद के धौज मस्जिद के इमाम इश्तियाक और सिरोही मस्जिद के इमाम इमामुद्दीन अगर आतंकवाद इस्लाम का काम या जिहाद मानकर उनकी मदद कर रहे थे तो क्यों? इन्होंने मिलकर पूरी अलफलाह यूनिवर्सिटी को ही आतंकवाद के बड़े केंद्र में बदल दिया। पठानकोट से गिरफ्तार डॉक्टर रईस अहमद भी पहले अलफलाह यूनिवर्सिटी में काम करता था। इसी तरह हापुड़ के जीएस मेडिकल कॉलेज से गिरफ्तार डॉक्टर फारूक अहमदार अल-फलाह यूनिवर्सिटी में सीनियर रेजिडेंट रह चुका है। वह जम्मू-कश्मीर के बीरवाह जिले के बड़गांव, वीरिपुरा के रहने वाला है। डॉ मुजम्मिल जब विस्फोटक जमा कर रहा था तो किसी ने उसको टोका तक नहीं। पुलिस को बताया गया कि जब उससे पूछा तो कहा कि खेती का खाद रख रहे हैं और इसे जम्मू-कश्मीर ले जाना है। जब मजहब के चेहरे इमाम तक इसमें शामिल हों तो रोक-टोक होगी कहां से। डॉ उमर नबी के मोबाइल को तोड़ कर फेंकने वाला परिवार ही था। एनआईए को उसके भाई ने बताया कि डॉ उमर नबी यहां आया था और उसने कहा था कि अगर मेरे बारे में कोई समाचार आए तो मोबाइल को नष्ट करके पानी में फेंक देना और हमने फेंक दिया। क्या भाई और परिवार ने उससे नहीं पूछा कि कौन सा समाचार आएगा? क्या समाचार आने के बाद उनका दायित्व नहीं था कि पुलिस के पास मोबाइल पहुंचाएं? आखिर उसने तो अपने को उड़ा लिया था और उसे बचाने की भी समस्या नहीं थी? इसी तरह डॉक्टर शाहीन के भाई डॉ परवेज की भूमिका अभी तक संदिग्ध मानी जा रही है। सीसीटीवी फुटेज बता रहे हैं कि उमर नबी धमाके से पहले हरियाणा के मेवात गया था। फिरोजपुर झिरका टोल प्लाजा फुटेज में उसकी कार दिखाई दी, जिसमें विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी। यह फुटेज 10 नवंबर की सुबह, यानी धमाके वाले दिन की है। जांच में पता चला है कि मेवात क्षेत्र गुरुग्राम, नूंह और आसपास से ही 20 क्विंटल से ज्यादा अमोनियम नाइट्रेट खरीदा गया था। विस्फोटक में इस्तेमाल की गई खाद भी उमर ने मेवात से ही खरीदी थी। स्वयं को कार में उड़ाने के पूर्व उमर नबी का मेवात जाना, होटल में भोजन करना, काफी देर तक रुकना आदि के कोई निहितार्थ हैं या नहीं? अभी एक मॉड्यूल हमारे सामने आया है। निश्चित मानिए ऐसे कई मॉड्यूल देश के अलग-अलग जगहों में सक्रिय होकर साजिशों को अंजाम देने में संलिप्त होंगे। किसी तरह वे कुछ करने में सफल हुए या साजिश अंजाम देने के पहले पकड़े गए तब भी सामूहिक प्रतिक्रिया ऐसी ही होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
अरविंद जयतिलक




# अरुणाचल पर फिर चीन की गिद्ध दृष्टि

चीन अपनी नापाक हरकतों से बाज आने को तैयार नहीं है। उसने जिस तरह शंघाई एयरपोर्ट पर भारतीय नागरिक पेमा वांग थोंगडोक से बदसलूकी करते हुए उनके पासपोर्ट इनवैलिड किए और प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी है, बेहद आपत्तिजनक और रिश्तों में खटास पैदा करने वाला है। यह उचित है कि भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस मसले पर कड़ा रुख अपनाते हुए चीन को दो टूक सुना दिया है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग है। विचार करें तो यह पहली बार नहीं है जब चीन ने अरुणाचल के मसले पर हंगामा खड़ा करने की कोशिश की है। याद होगा कि पिछले वर्ष उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे के दौरान सेला टनल की शुरुआत पर ऐतराज जताया था। तब भी विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसके कुतर्क को बेतुका और हास्यास्पद् बताते हुए उसे आईना दिखा दिया था और कहा था कि अरुणाचल भारत का एक स्वाभाविक हिस्सा है। बहरहाल चीन की कुटिल मंशा से साफ है कि वह भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाना नहीं चाहता है। उसके इस असंवेदनशील रुख के कारण ही 1976 से चला आ रहा सीमा विवाद किसी तार्किक नतीजे पर नहीं पहुंच सका है और टकराव होता रहा है। वह मैकमोहन रेखा को भी स्वीकारने को तैयार नहीं है, जबकि ब्रिटिश भारत और तिब्बत ने 1913 में शिमला समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में मैकमोहन रेखा का निर्धारण किया था। गौर करें तो इस सीमा रेखा का निर्धारण हिमालय के सर्वोच्च शिखर तक जाता है। वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी की वास्तविक स्थिति भी कमोवेश यही है। इस क्षेत्र में हिमालय प्राकृतिक सीमा का निर्धारण नहीं करता, क्योंकि यहां से अनेक नदियां निकलती और सीमाओं को काटती हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि दोनों देश एलएसी पर निगरानी कर रहे हैं। ऐतिहासिक संदर्भों में जाए तो तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमाओं का ठीक से रेखांकन नहीं होने से अक्टूबर, 1913 में शिमला में अंग्रेजी सरकार की देखरेख में चारों देशों के अधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में तिब्बती प्रतिनिधि ने स्वतंत्र देश के रूप में प्रतिनिधित्व किया और भारत की अंग्रेजी सरकार ने उसे उसी रूप में मान्यता दी। आधुनिक देश के रूप में भारत के पूर्वोत्तर हिस्से की सीमाएं रेखांकित न होने के कारण दिसंबर 1913 में दूसरी बैठक शिमला में हुई और अंग्रेज प्रतिनिधि जनरल मैक मोहन ने तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमा को रेखांकित किया। आज के अरुणाचल का तवांग क्षेत्र मैकमोहन द्वारा खींची गयी रेखा के दक्षिण में होता था। इसलिए तिब्बती सरकार बार-बार उसपर अपना दावा करती रही। भारत और चीन के बीच विवाद की वजह अक्साई चिन और अरुणाचल प्रदेश की संप्रभुता भी है। पश्चिमी सेक्टर में अक्साई चिन का लगभग 3800 वर्ग किमी भू-भाग चीन के कब्जे में है। अक्साई चिन जम्मू-कश्मीर के उत्तर-पूर्व में विशाल निर्जन इलाका है। इस क्षेत्र पर भारत का अपना दावा है। लेकिन नियंत्रण चीन का है। दूसरी ओर पूर्वी सेक्टर में चीन अरुणाचल प्रदेश के 90 हजार वर्ग किमी पर अपना दावा कर उसे अपना मानता है। अरुणाचल प्रदेश से चुने गए किसी भारतीय सांसद को वीजा नहीं देता है। भारत की मनाही के बावजूद भी वह कश्मीर के लोगों को स्टेपल वीजा जारी करता रहा है। साथ ही पाकिस्तान से गलबहियां कर वह भारतीय संप्रभुता को भी चुनौती भी परोसता है। चीन की यह साजिश भारत के लिए चिंता का शबब इसलिए है कि यह नया पुल वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी से महज 20 किलोमीटर दूर है। गौरतलब है कि चीन पहले ही पैंगोंग झील पर एक पुल का निर्माण कर चुका है। चीन की बढ़ती आक्रामकता और दुस्साहस को देखते हुए अब उचित होगा कि भारत भी चीन के साथ पूर्व की किसी स्वीकारोक्ति से बंधा न रहे। इसलिए कि चीन जम्मू-कश्मीर और अरुणांचल प्रदेश दोनों पर अपनी कुदृष्टि गड़ाए है। याद होगा गत वर्ष पहले उसने प्रस्ताव रखा था कि भारत अगर अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके को उसे सौंप देता है तो वह बदले में अक्साई चीन का इलाका दे सकता है। लेकिन भारत ने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया। जम्मू-कश्मीर में उसकी दुस्साहसपूर्ण गतिविधियां इसलिए चिंता पैदा करने वाली है कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का आंगन उसके लिए खोल दिया है। उसी का नतीजा है कि इस्लामाबाद से चीन के उरुमची तक आवागमन तेज हो गया है। उचित होगा कि अब भारत बीजिंग-इस्लामाबाद के नापाक गठजोड़ का मुंहतोड़ जवाब दे। इसलिए भी कि आज दुनिया भारत के साथ है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

## सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित
दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं। तब शिष्यों ने पूछा, 'गुरुदेव, अब आप ऐसा क्यों नहीं करते?' बोकोजू ने कहा, 'अब बोकोजू सदा मौजूद रहता है।

## सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित
प्रेरणा

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहाः मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहाः मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूँ। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोलाः मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूँ। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोकाः यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### शादियों में धन और अन्न बर्बाद न करें

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है।

– **महेश त्यागी**, जगदलपुर

## करंट अफेयर


# श्रीलंका के बाढ़ राहत कार्य में सहयोग करेगा पोत 'विक्रांत'



श्रीलंका में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद बचाव और राहत अभियानों में भारत के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि यह स्वदेशी विमानवाहक पोत 'अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू' 2025 की तैयारियों के तहत 25-26 नवंबर को कोलंबो में तैनात किया गया था। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि श्रीलंका के पूर्वी त्रिंकोमाली क्षेत्र में आए चक्रवाती तूफान 'डिटवा' के कारण गंभीर मौसम के बीच जारी राहत कार्यों के लिए आईएनएस विक्रांत के विमानों के उपयोग हेतु औपचारिक अनुरोध किया गया था। श्रीलंका में बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 56 हो गई है, जबकि 21 लोग अब भी लापता हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने बताया कि पिछले 72 घंटों में 46 मौत के मामले दर्ज किए गए हैं। आपात स्थिति को देखते हुए, सरकार ने शुक्रवार को आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बताया कि अत्यधिक खराब मौसम से 12,313 परिवारों के 43,991 लोग प्रभावित हुए हैं। सिंचाई विभाग ने कोलंबो के निचले उत्तरी हिस्सों में केलानी नदी के पास रहने वाले निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी देते हुए कहा कि इस क्षेत्र को द्वीप राष्ट्र के इतिहास में सबसे खराब बाढ़ का सामना करना पड़ सकता है।

## ऑफ बीट

# रंगीन चावल वास्तव में क्या स्वास्थ्यवर्धक है



चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं – जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह, एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है।सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है। भूरे चावल में स्वाभाविक रूप से सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिसमें आहार फाइबर की दोगुनी मात्रा और फोलिक एसिड सहित काफी अधिक मैग्नीशियम, लौह, जस्ता और बी समूह विटामिन शामिल हैं। ब्राउन राइस में पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं, जो शरीर को तनाव से बचाते हैं। इसे अक्सर लंबे अनाज के विकल्प के रूप में बेचा जाता है और इसमें काले और लाल चावल की किस्मों के समान पौष्टिक स्वाद होता है, हालांकि कुछ रसोइयों का सुझाव है कि इसकी बनावट थोड़ी अलग होती फैंसी काला चावल।

## ट्रेंड

### हार्दिक संवेदनाएं



चक्रवात दित्वा के कारण अपने प्रियजनों को खोने वाले श्रीलंका के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं सभी प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। भारत संकट की इस घड़ी में श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सशक्तिकरण को बढ़ावा



असम में मुसलमान समुदाय लगभग 20-30 विधानसभा सीटों की विजय तय करता है, लेकिन कई दशकों तक असम में मुस्लिम बहनें विधायक नहीं बन सकीं। बहुविवाह और बाल विवाह को रोककर हम इनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना चाहते हैं।

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### लोकतंत्र से धोखाधड़ी



एसआईआर लोकतंत्र के साथ धोखाधड़ी है। जनता जागरुक हो। आज वोट काटा जा रहा है, कल को खेत-जमीन-मकान-राशन-जाति-आरक्षण से नाम काटा जाएगा। फिर बात खातों और मध्यम वर्ग के लॉकर तक पहुंच जाएगी।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### मेरी प्रकृति ही ऐसी




मैं एक ही चीज बार-बार नहीं करना चाहता। मेरी व्यक्तिगत प्रकृति ही ऐसी है कि मैं अलग-अलग कहानियां चुनता हूं और मैं हमेशा उसी चीज पर काम करता हूं, जो मुझे व्यक्तिगत तौर पर उत्साहित करती है।

-आमिर खान, अभिनेता

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



# ‘तेरे इश्क में’ धनुष की आंखों में छिपा दर्द बना असली ताकत

**मुंबई।** फिल्म ‘तेरे इश्क में’ 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। ‘तेरे इश्क में’एक ऐसी लव स्टोरी है, जिसमें जुनून, दर्द, प्यार और गुस्सा सब कुछ एक साथ देखने को मिलता है। फिल्म की शुरुआत एक मजबूत मोड़ से होती है, जिससे कहानी तुरंत पकड़ बना लेती है। जैसे-जैसे फ्लैशबैक खुलता है, ऑडियंस यह जानने के लिए उत्सुक हो जाती है कि आखिर शंकर और मुक्ति के रिश्ते में ऐसा क्या हुआ कि दोनों अलग हो गए। अगर आपको जुनून से भरी मोहब्बत, दिल को छू लेने वाले भाव और कच्चे किरदारों की सच्ची कहानी देखना पसंद है, तो ‘तेरे इश्क में’ जरूर देखी जा सकती है। फिल्म में कमियां जरूर हैं, लेकिन धनुष का अभिनय इस कहानी को देखने लायक बना देता है। वो हर दृश्य में अपनी आंखों और हावभाव से ऐसा एहसास जगाते हैं, जिसे बोलकर नहीं, महसूस करके समझा जाता है।

लाइफ Style

## तनुश्री

# अमेरिकी बिजनेसमैन को बनाया हमसफर

बंगाली अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती ने आखिरकार अपने बॉयफ्रेंड और अमेरिकी बिजनेसमैन सुजीत बसु के साथ सात फेरे ले लिए हैं। यह शादी किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी। लास वेगास के खूबसूरत रेड रॉक कैन्यन में दोनों ने शादी की है। इस खास दिन की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने साझा की हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

लंबे समय से अमेरिका में छुट्टियां बिताती नजर आ रहीं तनुश्री दरअसल अपने जीवन के इस नए अध्याय की तैयारी में थीं, जिसे उन्होंने अब खूबसूरती से दुनिया के सामने साझा किया है। दोनों की मुलाकात करीब दो साल पहले कोलकाता में एक दोस्त के जरिए हुई थी। तनुश्री अपने रिश्ते को लेकर बताती हैं कि अपने वर्कआउट सेशन के तुरंत बाद अनौपचारिक लुक में उनसे मिली थीं, लेकिन बावजूद इसके वह पहली ही मुलाकात में एक जुड़ाव महसूस कर बैठी थीं। दूसरी तरफ सुजीत भी उसी पल दिल हार बैठे थे। पहले दोस्ती और फिर दूरी के चलते वर्चुअल बातचीत- इन सबके बीच उनका रिश्ता धीरे-धीरे प्रेम में बदल गया। जब तनुश्री अमेरिका छुट्टियों पर गईं, तो उनके साथ बिताए गए पलों ने रिश्ते को और मजबूत कर दिया। लंबी ड्राइव्स, लंबी बातचीत और एक-दूसरे की मौजूदगी ने दोनों को यह एहसास करा दिया कि वह अपना जीवन साथ बिताना चाहते हैं। सुजीत ने शादी की सारी तैयारिया खुद संभालीं ताकि तनुश्री के लिए यह दिन हमेशा यादगार रहे। मेकअप आर्टिस्ट से लेकर वायलिनिस्ट तक- हर छोटी-बड़ी चीज को उन्होंने उसी सलीके से चुना, जैसा तनुश्री को पसंद है। दुल्हन का लहंगा भी सुजीत ने ही चुना था, जिसे देखकर तनुश्री भावुक हो उठीं। इतना ही नहीं, उन्होंने दोनों परिवारों के लिए शादी की लाइव स्क्रीनिंग भी करवाई ताकि दूर रहकर भी सभी इस पल का आशीर्वाद दे सकें।



# धर्मेंद्र पर फिल्माया गया था रफी का बेस्ट एवर रोमांटिक सॉन्ग

## आज के दौर में भी जनरेनशन-जेड का बना हुआ है फेवरेट

वेटरन एक्टर धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। लेकिन, उनकी मूवीज और गानों के बारे में जिक्र हमेशा किया जाएगा। इस आधार पर आज हम आपको अभिनेता के एक ऐसे शानदार रोमांटिक सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे गायक मोहम्मद रफी ने गाया था। गायक मोहम्मद रफी और अभिनेता धर्मेंद्र की जोड़ी काफी जमती थी।



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिनेमा जगत में एक दौर ऐसा भी रहा था, जब रफी साहब सही मायनों में धर्मेंद्र की आवाज बन गए थे। एक्टर के ज्यादातर कल्ट गीतों को सुरों के सरताज मोहम्मद रफी ने अपनी रूहानी आवाज दी थी। इस आधार पर आज आपको इन दोनों की जुगलबंदी वाले एक ऐसे गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आज के दौर में जनरेनशन-जेड का फेवरेट बना हुआ है। रोमांटिक सॉन्ग के मामले में सिंगर मोहम्मद रफी के इस गाने का कोई मुकाबला नहीं है। आलम ये है कि रिलीज के 55 साल बाद भी ये अमर है।

### 55 साल बाद भी हिट ये गीत

पुराने दौर के आइकॉनिक रोमांटिक सॉन्ग के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें अभिनेता धर्मेंद्र के कई सारे गीत शामिल होंगे, जिनमें से एक गीत साल 1970 में आई फिल्म जीवन मृत्यु का भी रहा। धर्मेंद्र और राखी गुलजार स्टारर इस मूवी के उस गीत को गायक मोहम्मद रफी ने अपनी मधुर आवाज में गाया था। गाने के बोल सुनकर आज भी आपके दिल को सुकून पहुंचेगा। गौर किया जाए उस गीत की तरफ तो उसका नाम- झिलमिल सितारों का आंगन होगाहै। धर्मेंद्र के इस कल्ट सॉन्ग को रफी साहब और लता मंगेशकर ने मिलकर गाया था, जबकि इसके संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी थी। जीवन मृत्यु मूवी के इस गाने के गीतकार कोई और नहीं, बल्कि दिग्गज लेखक आनंद बख्शी थे, उनकी कलम से जी झिलमिल सितारों का आंगन होगा के ये खूबसूरत बोल निकले थे। इस गाने को आज भी बॉलीवुड से सबसे बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग में से एक माना जाता है।

### यादगार गीत

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र का देहांत हो गया। अब एक्टर की यादें उनकी मूवीज और शानदार गीतों के जरिए ताजा रहेंगी। झिलमिल सितारों का आंगन होगा धर्मेंद्र के यादगार गीतों में शुमार है, जिसे सुनने के बाद आपको हिंदी सिनेमा के ही-मैन की याद जरूर आ जाएगी।*

# कूल लुक में कार्तिक, हॉट दिखीं अनन्या



**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक फिल्म ‘तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी’ को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है, जो कार्तिक और अनन्या के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का टाइटल ट्रैक शेयर किया और कैप्शन में लिखा, ‘तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी’ का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है।’ जो कार्तिक के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक के फैंस उनके इस गाने पर लाल और फायर इमोजी शेयर कर रहे हैं। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म ‘तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी’ का टाइल ट्रैक का वीडियो शेयर किया। इस गाने में कार्तिक समंदर किनारे बीच पर बेहद कूल लुक में हसीनाओं के बीच नजर आ रहे हैं। तो वहीं इस गाने में अनन्या भी बेहद हॉट लुक में नजर आ रही हैं।

# इश्क के पूरे हुए 28 साल साझा की अनदेखी तस्वीरें



**मुंबई।** बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकार अजय देवगन और काजोल की फिल्म ‘इश्क’ 28 नवंबर 1997 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को 28 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर अजय देवगन ने काजोल के साथ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं और एक बेहतरीन कैप्शन लिखा है। फैंस को यह पसंद आ रहा है। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर अपनी जिंदगी के सबसे अच्छे पलों की तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में वह काजोल को गले लगा रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा ‘इश्क हुआ’। दूसरी तस्वीर में वह काजोल के साथ दूल्हा-दुल्हन की तरह बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा ‘कैसे हुआ’। तीसरी तस्वीर में वह काजोल और अपने दो बच्चों के साथ बैठे हैं।




# दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का टीजर जारी अलग अंदाज में दिखे संजय और महिमा

**मुंबई।** संजय मिश्रा और महिमा चौधरी की अपकमिंग फिल्म ‘दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी’ का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म को लेकर पहले से काफी चर्चा थी। ऐसा इसलिए क्योंकि संजय मिश्रा की दूसरी शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।



टीजर में संजय मिश्रा हल्के-फुल्के अंदाज में कॉमेडी करते हुए नजर आए हैं। वहीं, महिमा चौधरी ग्लैमरस लुक में नजर आई हैंटीजर में सबसे पहले संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह भगवान हनुमान से प्रार्थना करते हैं कि अगर उनकी कुंडली में दूसरी शादी लिखी है, तो कोई सुंदर, सुशील और कलावती महिला से शादी हो। वह हनुमान से कहते हैं कि प्रभु थोड़ा ध्यान रखना वर्ना ये लोग मुझे कहीं भी फंसा देंगे। इसके बाद वह महिमा चौधरी से टकरा जाते हैं। अगले सीन में संजय मिश्रा का बेटा उनके पास आता है और कहता है कि मां मिल गई। इस पर संजय मिश्रा इतराते हैं। मेकर्स ने इस टीजर को सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। इसके साथ इसकी रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है।




# बिग बॉस 19 से बाहर होंगी अशनूर? तान्या के साथ हिंसक होने पर भड़कीं काम्या



**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 अपने आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ रहा है और जैसे-जैसे ग्रैंड फिनाले करीब आ रहा है, घर के अंदर विवाद, मतभेद और टकराव भी तेज होते जा रहे हैं। इसी बीच शो की पूर्व कंटेस्टेंट और टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने इस हफ्ते के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी राय रखी है। अशनूर कौर और तान्या मित्तल के बीच हुए विवाद को लेकर जहां उन्होंने सख्त प्रतिक्रिया दी, वहीं गौरव खन्ना को शो का पहला फाइनलिस्ट बनने पर बधाई भी दी। फिनाले से पहले हुए ‘टिकट टू फिनाले’ टास्क में सभी चार दावेदारों- अशनूर कौर, प्रनीत मोरे, फरहाना भट्ट और गौरव खन्ना के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन इस टास्क के दौरान एक ऐसा वाकया सामने आया जिसने दर्शकों और एक्स-कंटेस्टेंट्स दोनों को हैरान कर दिया। टास्क के बीच अशनूर कौर ने तान्या मित्तल पर शारीरिक प्रहार कर दिया, जिसे लेकर कई दर्शक सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अब हर कोई अशनूर की इस हरकत पर अपनी राय दे रहा है। कई सेलेब्स की ओर से भी इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की गई है। इन्हीं में शामिल हैं काम्या पंजाबी भी।



## जैकेट के शेष

### अमित शाह बोले- अगली ....

इसी का परिणाम है कि 2014 में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी जो आज घटकर सिर्फ 11 रह गई है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अगली डीजी-आईजीपी कॉन्फ्रेंस से पहले देश नक्सलवाद की समस्या से पूर्णतः मुक्त हो जाएगा।

**केंद्र राज्य समन्वय का उदाहरण** : केन्द्रीय गृह मंत्री ने आतंकवाद और उग्रवाद पर मोदी सरकार की कार्रवाई का जिक्र कहते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पॉपुलर फ्रन्ट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर बैन लगाने के बाद देशभर में उसके ठिकानों पर छापे मार कर गिरफ्तारियां की गईं, जो केंद्र - राज्य के समन्वय का उत्तम उदाहरण है। नारकोटिक्स पर 360 डिग्री प्रहार गृह मंत्री ने दोहराया कि हमें नारकोटिक्स और आर्गनाइज्ड क्राइम पर 360 डिग्री प्रहार कर ऐसा तंत्र बनाना है जिससे इस देश में नार्को व्यापारियों और अपराधियों को एक इंच जमीन भी न मिल पाए। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि राज्यों की पुलिस नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ मिलकर नारकोटिक्स के राज्य, राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय स्तर के गिरोहों पर कड़ा प्रहार कर उनके आकाओं को जेल में डाले।

### ये नासूर बने ....

तीन नए आपराधिक कानूनों के साथ ही नारकोटिक्स और भगोड़ों के लिए मजबूत कानून बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि तीनों नए आपराधिक कानूनों के पूरी तरह लागू होने के बाद भारत की पुलिसिंग विश्व में सबसे आधुनिक बन जाएगी।

### भारत के सुरक्षा .....

सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के तरीकों पर टॉप अधिकारियों के साथ लंबी बातचीत होगी।

**आज 12 घंटे मोदी रहेंगे कांफ्रेंस में** : पीएम गुरुवार शाम यहां आने के बाद नवा रायपुर के एम 1 स्थित आवास गए हैं। इसके बाद उनका अगला कार्यक्रम 29 तारीख को आईआईएम के कांफ्रेंस स्थल में है। बताया गया है कि श्री मोदी एम 1 से सुबह 8.15 बजे निकलकर आईआईएम आएंगे। वे यहां रात 8.30 बजे तक रहकर कांफ्रेंस के 6 सत्रों में शामिल होंगे। यानी वे कुल मिलाकर करीब 12 घंटे इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इसके अगले दिन 30 नवंबर को वे समापन वाले दिन सुबह 30 नवंबर को सुबह 8.30 बजे आईआईएम में कांफ्रेंस के दो सत्रों में शामिल होंगे। इसके बाद शाम 4.30 बजे वे रायपुर एयरपोर्ट से रवाना हो जाएंगे।

### देश के तीन सर्वश्रेष्ठ....

थाना, दिल्ली, दूसरा स्थान पहरगांव थाना, अंडमान, तीसरा स्थान कवितला थाना, रायचूर (कर्नाटक) इन थानों को अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चुना गया।

**गाजीपुर थाने को इसलिए पहला स्थान** : गाजीपुर थाने के प्रभारी यू. बाला शंकरन ने बताया कि अपराध नियंत्रण, केस निपटान, जनता से व्यवहार, थाने की साफ-सफाई, पेंडेंसी कम करने और तकनीकी सुधार जैसे कई मानकों में बेहतर प्रदर्शन के कारण इस थाने को देश का सर्वश्रेष्ठ थाना चुना गया। कुल 70 मूल्यांकन कैटेगरी में यह थाना अव्वल रहा।

**रैंकिंग के प्रमुख मानदंड** : थानों के चयन के लिए व्यापक स्तर पर मूल्यांकन किया गया, जिनमें शामिल हैं, अपराध दर और गंभीर अपराधों में कमी, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों से जुड़े अपराधों की रोकथाम, साइबर अपराध पर नियंत्रण, सीसीटीवी निगरानी, गश्त और पेट्रोलिंग की प्रभावशीलता, जांच की गुणवत्ता, केस क्लीयरेंस और चार्जशीट रेट, थानों का इन्फ्रास्ट्रक्चर, सुविधाएं, डिजिटल रिकॉर्ड, नागरिक संतुष्टि और पुलिस व्यवहार, ऑनलाइन सेवाओं की उपलब्धता और त्वरित शिकायत निपटान, इन सभी पैरामीटर्स पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले थानों को शीर्ष स्थान दिए गए।

### रायपुर पहुंचे पीएम मोदी ....

कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के एम-1 बंगले को 'नो एंट्री जोन' घोषित कर दिया गया है, जहां केवल कैम्प कमांडर को ही प्रवेश की अनुमति होगी। सुरक्षा व्यवस्था को 6 लेयर में बांटा गया है और पूरे क्षेत्र में लगातार चेकिंग, बैरिकेडिंग और निगरानी बढ़ा दी गई है। 28 से 30 नवंबर तक चलने वाली इस कॉन्फ्रेंस में आए उच्च अधिकारियों को भी सख्त सुरक्षा जांच से गुजरना होगा, जबकि आसपास के रूट पर पूरी तरह सख्ती लागू की जा रही है। प्रधानमंत्री की मौजूदगी को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने शहरभर में मूवमेंट, वाहनों और एंट्री पॉइंट्स पर विशेष सतर्कता बढ़ा दी है।

शनिवार से जुटेंगे कार्यक्रम में- प्रधानमंत्री शुक्रवार की शाम को यहां आने के बाद एम 1 पंहुचे हैं, उनका रात्रि विश्राम एम-1 में रहेगा। इसके अलावा उनका कोई कार्यक्रम नहीं है, लेकिन शनिवार सुबह से पीएम कांफ्रेंस में शामिल होने जाएंगे और शाम तक यहां मौजूद रहेंगे। इस दिन वे कांफ्रेंस में चार सत्रों में शामिल होंगे। अगले दिन 30 तारीख को वे दो सत्रों में शामिल होने के साथ ही अधिकारियों को पदक से नवाजेंगे।

### डेट हुई फिक्स! 4-5 ....

व्यापार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। अमेरिका के दबाव के बीच यह दौरा विशेष महत्व रखता है।

**राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा दिया जाएगा डिनर** : इस दौरान पुतिन को भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा डिनर दिया जाएगा और दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत भी होगी। रूसी राष्ट्रपति पुतिन इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ अन्य लोगों से भी मुलाकात करेंगे। ये दौरा कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर टैरिफ भी लगाया था। इसी वजह से पुतिन का भारत दौरा विशेष रूप से ध्यान आकर्षित कर रहा है।

### भारत-रूस संबंध ....

स्थिति में पुतिन का ये दौरा दोनों देशों के संबंधों और अंतरराष्ट्रीय राजनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

### ट्रंप ने कहा- अमेरिका ....

क्योंकि भारत जोखिम वाले देशों की श्रेणी में नहीं है।

**ट्रंप ने कहा- तीसरी दुनिया के देशों से माइग्रेशन रोक दूंगा** : ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा, 'मैं सभी तीसरी दुनिया के देशों से प्रवास को हमेशा के लिए रोक दूंगा ताकि अमेरिकी सिस्टम पूरी तरह ठीक हो सके। बाइडेन के लाखों गैर-कानूनी एडमिशन खत्म करूंगा। ऐसे व्यक्ति को हटाऊंगा जो अमेरिका के लिए लाभकारी नहीं। गैर-नागरिकों को मिलने वाले फेडरल फायदे और सब्सिडी खत्म करूंगा। सिक्योरिटी चुनौती या वेस्टर्न सिविलाइजेशन के साथ मेल न खाने वालों को वापस भेजूंगा।'

**ज्यादा दिन अमेरिका में नहीं रहेंगे, दी चेतावनी** : ट्रंप ने लिखा कि उनके जरूरी कदम से गैर-कानूनी और हानिकारक आबादी को कम किया जाएगा, जिसमें वे भी शामिल हैं जिन्हें बिना इजाजत और गैर-कानूनी 'ऑटोपेन' के जरिए प्रवेश मिला। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका में चोरी-हत्या और नुकसान पहुंचाने वाले यहां ज्यादा दिन नहीं रहेंगे! बता दें कि ट्रंप बाइडन को 'ऑटोपेन यानी स्वचालित कलम' से हस्ताक्षर करने वाला कहते हैं।

## पेज एक के शेष

### रायपुर शहर मेनन....

पर अध्यक्ष चुना गया है। इसी तरह बेमेतरा में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू के करीबी को चुना गया है। दुर्ग शहर से अध्यक्ष का नाम पूर्व विधायक अरुण वोरा के सुझाव पर तय किया गया है।

### श्रीकृष्ण मठ से ...

किया। साथ ही पवित्र कनक कवच (सोने का आवरण) समर्पित किया। इसके बाद पीएम ने लक्ष कंठ गीता पारायण के दौरान 100,000 से ज्यादा लोगों के साथ मिलकर भगवत गीता का पाठ किया। उन्होंने श्री कृष्ण मठ और लक्ष कंठ गीता पारायण प्रोग्राम में भगवदगीता के महत्व पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पहलगाम हमले और सुरदर्शन चक्र से जुड़ी अहम बातें बताईं।

### स्कूल टीचर किडनैप...

कैम्प-1 निवासी महिला राधा साहू (43) के पति मुकेश साहू ने थाने में उसकी किडनैपिंग की शिकायत की थी। उसने बताया कि राधा साहू सेक्टर-8 भिलाई स्थित मूक-बधिर स्कूल में पढ़ाती है। राधा अपने घर से स्कूल के लिए शुक्रवार सुबह निकली थी। वह रोज की तरह ऑटो में स्कूल जा रही थी, लेकिन वो स्कूल नहीं पहुंची। रास्ते में उसे किसी ने किडनैप कर लिया। जब स्कूल से फोन आया कि राधा स्कूल नहीं आई तो पति को शक हुआ। उसने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान उसके मोबाइल पर मैसेज आया कि उसकी पत्नी का किडनैप हो गया है। किडनैपर ने सबूत के तौर पर राधा के मुंह में पट्टी बंधी एक फोटो शेयर की। उसने उसे पेड़ के नीचे बांधकर बैठाया हुआ था। किडनैपर ने पति से कहा कि वो उसे 5 लाख रुपए की फिरौती देगा तभी वो राधा को छोड़ेगा।

### हरिद्वार अर्धकुंभ में...

मौजूद संतों ने कुंभ की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों की सराहना भी की।

## हार पर रखे विचार : अखिलेश

**पटना।** बिहार चुनाव को लेकर पार्टी नेतृत्व के साथ बैठक के बाद कांग्रेस सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा, 'चर्चा हुई है और हर उम्मीदवार ने अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है। राहुल, खड़गे और केसी वेणुगोपाल ने उनकी शिकायतों को विस्तार से सुना। सुधारात्मक कदम उठाने पर भी बात हुई। हमने अपने विचार व्यक्त कर दिए हैं। राहुल और खड़गे ने इसे सकारात्मक रूप से लिया है और हमें विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी के लिए एक अच्छा रोडमैप तैयार होगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि हमें फिर ऐसी हार का सामना न करना पड़े।'


**OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL COUNCIL NARAYANPUR, DIST.- NARAYANPUR (C.G.)**
Landline-07781-252278 Email- cmonarayanpur@rediffmail.com

No./2012/NPP/PWD/2025 NARAYANPUR, DATE 28/11/2025

**E-Procurement Tender Notice**

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works up to date **22.12.2025** at **17:30** Hours.

| Sl. No. | Description | Cost of Tender (In lacs) |
|---|---|---|
| 1 | Beautification Work in Bandhua Talab At Municipal Council Narayanpur (System Tender No.180591) | 196.06 |

Note-
1. The details can be downloaded online directly from the government of chhattisgarh e-procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in in form **28.11.2025** at **20:00** hours.
2. For more details on the tender and biding process please visit the above mentioned portal.

**CHIEF MUNICIPAL OFFICER**
**MUNICIPAL COUNCIL NARAYANPUR**



**पूर्व तट रेलवे**

सूचना सं.eT-North-WAT-47-2025, दिनांक :24.11.2025

**कार्य का नाम :** वाल्टियर मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/रायगड़ा के अधीन बोब्बिलि-सालूर लाइन में समपार अर्थात् कि.मी.413/5S-6S में VS-1, कि.मी.418/14S-15S में VS-8, कि.मी.426/3S-4S में VS-17 एवं कि.मी.428/12S-13S में VS-21 के बदले में 04 संख्यक सीमित ऊँचाई वाले उपमार्ग (कास्ट-इनसिटु द्वारा) का निर्माण।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) :** 11,97,09,956.76, EMD(रुपये में) : 7,48,600/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 06 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 16.12.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

**द्रष्टव्य :** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें।

मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-843/Q/25-26



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**कार्यालय कलेक्टर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**सार्वजनिक अधिसूचना**

क्रमांक / File No.: GENS-2101/1985/COLL RJN SR CLK-2 SEC/ भू-अर्जन/भूकनी/2025 राजनांदगांव, दिनांक: 23.10.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत एल सी. 451 रेलवे द्वारा रोड ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य में प्रभावित ग्राम जोरातरई, प.ह.नं. 17, रा.नि.म. खैरझिटी तहसील व जिला राजनांदगांव के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण वरिष्ठ अनुभाग अभियन्ता, कार्य, गतिशक्ति, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, राजनांदगांव के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है:-

| क्र. | भू-धारक का नाम | खसरा नंबर | कुल धारित रकबा (हे.में) | अर्जित भूमि का क्षेत्रफल (हे.में) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मनोज कुमार पिता देवचंद जाति सामान्य | 526/1 | 0.093 | 0.040 | कृषि / मुख्य मार्ग की भूमि |
| | | 526/2 | 0.049 | 0.024 | |
| | योग | 02 | 0.142 | 0.064 | |
| 2 | मनहोरी कुमार पिता पूरन साहू जाति तेली | 526/3 | 0.049 | 0.020 | कृषि / मुख्य मार्ग की भूमि |
| 3 | राजकुमार पिता दीनदयाल जाति धोबी | 528 | 0.470 | 0.072 | कृषि / मुख्य मार्ग की भूमि |
| | महायोग | 04 | 0.661 | 0.156 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वतः के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ताओं के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर, जिला-राजनांदगांव

AIM/42-198

swacch bharat - keepindiaclean



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**(निर्माण संगठन)**
**ई-निविदा सूचना**

**निविदा-क्रमांकः सी.ए.ओ./सी/बीएसपी/25-26/18 दिनांकः 22-11-2025 (ओपन ई-टेंडर) (टू पैकेट सिस्टम)**

**कार्यः** "प्रस्ताव अनुरोधः रेलवे संरेखणों की स्वचालित निर्माण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयारी के स्वचालन के लिए एआई-संचालित, उपयोगकर्ता इंटरैक्टिव डिजिटल प्लेटफार्म के स्थानीय विकास के लिए एजेंसी का चयन"।

**निविदा मूल्यः** रु.11,68,20,000.00 **अमानत राशिः** रू. 7,34,100.00 **निविदा दस्तावेज़ की लागत :** शून्य **कार्य पूरा होने की अवधि :** 21 (इक्कीस) महीने, **स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से। (1) प्री-बिड सम्मेलन का समय एवं दिनांक :** 09/12/2025 को 11:00 बजे। **(2) निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक :** 29/01/2026 को 15:00 बजे तक। **(3) निविदा खोलने का समय एवं दिनांक :** 29/01/2026 को 15:30 बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज़ का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) / दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, अथवा बिलासपुर-पिनः 495004 अथवा उप-मुख्य अभियंता / निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर पिन 492009 अथवा मुख्य परियोजना प्रबन्धक /पश्चिम/निर्माण/नागपुर / दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर पिनः 440001 के कार्यालय में संपर्क करे अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेवसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर /देख सकते है।

उप-मुख्य अभियंता /निर्माण द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर(छ.ग)
सीपीआर/10/AM/487
South East Central Railway @secrail


## कांग्रेस विधायक पर यौन उत्पीड़न व गर्भपात मामले में दर्ज हुआ मुकदमा

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल में पलक्कड़ के कांग्रेस विधायक राहुल ममकूटाथिल पर एक महिला द्वारा यौन उत्पीड़न और उसे गर्भपात के लिए मजबूर करने का आरोप लगाए जाने के बाद उनके खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। बृहस्पतिवार देर रात दर्ज किए गए महिला के बयान के आधार पर शुक्रवार को वलियामाला पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। महिला ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को अपनी शिकायत सौंपी थी। सूत्रों ने बताया कि बाद में तिरुवनंतपुरम ग्रामीण पुलिस मुख्यालय में महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा उसका विस्तृत बयान दर्ज किया गया। देर रात तक प्रक्रिया चलती रही, जिसके बाद मामला दर्ज करने का निर्णय लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, भारतीय न्याय संहिता के तहत यौन उत्पीड़न करने, जबरन गर्भपात कराने, मारपीट करने, अवैध रूप से घर में घुसने और आपराधिक धमकी से संबंधित प्रावधानों में मामला दर्ज किया गया है। ममकूटाथिल के दोस्त जॉबी को भी आरोपी बनाया गया है।

- **मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद पुलिस ने शुरू की तलाशी**

*यह है आरोप : ऐसा आरोप है कि अदूर के मूल निवासी जोसेफ ने शिकायतकर्ता महिला को गर्भपात के लिए दवा दी थी। पुलिस ने कहा कि मामला नेमोम पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां अपराध हुआ था। एक अधिकारी ने बताया कि तिरुवनंतपुरम शहर के पुलिस आयुक्त की देखरेख में एक टीम मामले की जांच करेगी। पुलिस शिकायतकर्ता का बयान दर्ज कराने के लिए तिरुवनंतपुरम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत का रुख करेगी।*

## नीतीश ने 10 लाख महिलाओं के खाते में भेजे 10-10 हजार

**पटना।** बिहार में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने आज (28 नवंबर, शुक्रवार) को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। सहायता राशि का कुल 1,000 करोड़ रुपये का भुगतान सीधे डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित विशेष कार्यक्रम में बटन दबाकर यह राशि हस्तांतरित की। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और संबंधित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद थे।


**कार्यालय कलेक्टर जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.) एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**// अधिसूचना //**

**क्रमांक / 5900 / कले. / भू-अर्जन / 2025** **दंतेवाड़ा, दिनांक 28/11/2025**

चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है, कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि की सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात, अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा-19 के तहत यह घोषित किया जाता है, कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है:-

**-:: अनुसूची ::-**

**(1) भूमि वर्णन -**
1. जिला- दंतेवाड़ा
2. तहसील - बडेबचेली
3. ग्राम - पोरोकमेली
4. भूमि का क्षेत्रफल :- 4.40 हें.

| क्रमांक | खसरा नम्बर | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 0.15 |
| 2 | 6/3 | 0.06 |
| 3 | 4 | 0.4 |
| 4 | 5 | 1.21 |
| 5 | 6/1 | 0.06 |
| 6 | 6/2 | 0.08 |
| 7 | 12/1 | 0.59 |
| 8 | 3 | 0.56 |
| 9 | 9 | 0.69 |
| 10 | 13/2 | 0.6 |
| योग- | 10 | 4.40 |

2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बडेबचेली के कार्यालय में किया जा सकता है।
4. उक्त भूमि अर्जन में व्यक्तियों का विस्थापन निहित है। उक्त योजना के लिए अनुमोदित पुनर्वास योजना के अनुसार प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित व्यक्तियों को पुनर्वासन किया जाना प्रस्तावित है । पुनर्वासन तथा पुनर्व्यस्थापन हेतु पुनर्वास योजना का अवलोकन प्रशासक/ अनुविभागीय अधिकरी (रा.) बड़ेबचेली के कार्यालय में किया जा सकता है।

**टीपः-** भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 18 अंतर्गत आयुक्त बस्तर संभाग जगदलपुर द्वारा अनुमोदित एवं प्रकाशित पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना का पालन किया जावेगा ।

**छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

**कलेक्टर**
**एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, दन्तेवाड़ा**



**न्यायालय तहसीलदार कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**
**// इश्तहार //**

क्रमांक/13 / तह./वा./2025

कुरूद, दिनांक 24/11/2025
रा.प्र.क. 202511130100030/ अ-59/2025-26
ग्राम, चोरभट्ठी, तहसील कुरूद

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम चोरभट्ठी को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन अभियंता (सं./स) संभाग छ.ग. स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी लिमिटेड कुरूद का पत्र क्रमांक/कार्य/सामा./2838 कुरूद दिनांक 31/11/2015 द्वारा ग्राम चोरभट्ठी पटवारी हल्का नंबर 21 तहसील कुरूद में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 972 रकबा 2.7200 हे. नवीन 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र चोरभट्ठी के निर्माण हेतु आबंटन किये जाने की मांग की गई है, के संबंध में प्रकरण न्यायालय कलेक्टर महोदय धमतरी की ओर से न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी महोदय (रा.) कुरूद के माध्यम से छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र में बने प्रावधानों अनुसार जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है, जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12/12/2025 तक समय 11:00 बजे लिखित में आपत्ति पेश कर सकते हैं। मियाद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
कुरूद



**कार्यालय कलेक्टर जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.) एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**//अधिसूचना//**

क्रमांक/5904/कले० / भू-अर्जन /2025 दंतेवाड़ा, दिनांक 28/11/2025

चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है, कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि की सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात, अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा-19 के तहत यह घोषित किया जाता है, कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है:-

**अनुसूची**

**भूमि वर्णनः-**
1. जिला-दंतेवाड़ा
2. तहसील-बड़ेबचेली
3. ग्राम-भांसी
4. भूमि का क्षेत्रफल 11.265 हे.

| क्रमांक | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | 68/1 | 0.905 |
| 2 | 71/1/ज्ञ | 3.087 |
| 3 | 71/4 | 0.304 |
| 4 | 60/1/क | 0.535 |
| 5 | RF 1824 | 6.104 |
| 6 | RF 1811 | 0.330 |
| योग- | 06 | 11.265 |

2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा) बडेबचेली के कार्यालय में किया जा सकता है। 3. उक्त भूमि अर्जन में व्यक्तियों का विस्थापन निहित है। उक्त योजना के लिए अनुमोदित पुनर्वास योजना के अनुसार प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित व्यक्तियों को पुनर्वासन किया जाना प्रस्तावित है। पुनर्वासन तथा पुनर्व्यस्थापन हेतु पुनर्वास योजना का अवलोकन प्रशासक / अनुविभागीय अधिकरी (रा०) बड़ेबचेली के कार्यालय में किया जा सकता है।

**टीपः-** भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 18 अंतर्गत आयुक्त बस्तर संभाग जगदलपुर द्वारा अनुमोदित एवं प्रकाशित पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना का पालन किया जावेगा।

**छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

**कलेक्टर**
**एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, दन्तेवाड़ा**



**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**

No.02-08/CW/2025-26/Tr No.-2825-2830/5033 Raipur Dt 20-11-2025

**NOTICE FOR E-TENDER**

1.Online bids are invited through CSPDCL tendering system (SAP SRM) from Eligible Electrical Contractors registered in the O/o CE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following works. Registration of electrical contractors is opened & will be allowed for this tender till one day prior to date of opening of the tender.2.The registration of contractor will remain open. For details and further notifications keep visiting http://www. cspdcl.co.in ->project department->ebidding portal.3.Bidders may visit the site **www.cspdcl.co.in/project office/ contractors section** to know the qualifying criteria for registration of contractors to be eligible for participating in the tender.**4.Bid information must be submitted in the prescribed format only. No deviation shall be permitted.**

| Sr. No. | Tender No / Rfx no. | Name of work | Tender amount (excl. GST) (in Rs) | Completion period | Eligible class for bidding | Time & Due date of submission |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tr.no -2825 RFx- 8100047580 | Extension of 33KV Line and Installation of 01 No 3.15 MVA 33/11 KV Power sub station at Village Nawapara (Narkalo) of Block Lakhanpur Under Lakhanpur D/C Under Lakhanpur Sub Dn. | 14512194.00 | 05 months | Class - I | 12.00 noon 15.12.2025 |
| 2 | Tr.no -2826 RFx- 8100047582 | Extension of 33KV Line and Installation of 01 No 3.15 MVA 33/11 KV Power sub station at Village Basen of Block Udaypur Under Udaypur D/C Under Udaypur Sub Dn. | 28197718.00 | 05 months | Class - I | 12.00 noon 15.12.2025 |
| 3 | Tr.no -2827 RFx- 8100047585 | New 33 KV line from newly constructed 132/33 KV S/s Betar to 33/11 KV S/s Gudha under Pipariya Sub-Division of (O&M) Dn. Kawardha. | 9198054.00 | 04 months | Class - I & II | 12.00 noon 15.12.2025 |
| 4 | Tr.no -2828 RFx- 8100047586 | Construction of new 1x5.0 MVA 33/11 KV S/stn. At Kawardha near New Bus Stand Kawardha under (O&M) Dn. Kawardha. | 11261656.00 | 05 months | Class -I | 12.00 noon 15.12.2025 |
| 5 | Tr.no -2829 RFx- 8100047588 | Installation of New 1X3.15 MVA 33/11 KV S/stn., Dundera under Tumdibod D/c of (O&M) Dn., Rajnandgaon. | 13183157.00 | 05 months | Class -I | 12.00 noon 15.12.2025 |
| 6 | Tr.no -2830 RFx- 8100047591 | Installation of 1x5 MVA, 33/11KV New Sub Station under MMVAVY (076) at village – Industrial Area, Lakhanpuri under – Lakhanpuri D/c of (O&M) Dn. Kanker. | 26039097.00 | 07 months | Class -I | 12.00 noon 15.12.2025 |

Addl. Chief Engineer (II)
O/o Chief Engineer (Project)
CSPDCL: RAIPUR

SAVE ELECTRICITY


## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।


## शब्द पहेली - 6062



**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 6061 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6072

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6071 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## खबर संक्षेप

### टोरेंट फार्मास्युटिकल्स पर 41 करोड़ रुपए का जुर्माना




**नई दिल्ली।** केंद्रीय जीएसटी प्राधिकरण ने वस्तु के निर्यात पर कथित रूप से गलत 'रिफंड' के लिए टोरेंट फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड पर 41 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। यायनिर्णय प्राधिकरण के संयुक्त आयुक्त, ने 41,33,84,165 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया है।

### आईआईपी का आंकड़ा एक दिसंबर को जारी होगा



**नई दिल्ली।** औद्योगिक उत्पादन का अक्टूबर का आंकड़ा एक दिसंबर को जारी किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) आंकड़ा आमतौर पर हर महीने की 28 तारीख को या अगर 28 तारीख को छुट्टी होती है तो अगले कार्य दिवस पर जारी किया जाता है। बयान में कहा गया, ''अतः अक्टूबर 2025 का आईआईपी आंकड़ा 28 नवंबर 2025 को जारी किया जाना था।

### वाणिज्य व उद्योग मंत्री गोयल ने की टिप्पणी

# अमेरिका, यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर सक्रियता से बातचीत कर रहा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत इस समय अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित कई व्यापारिक साझेदारों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत इन समझौतों के जरिये अपने ''विश्वसनीय'' व्यापारिक साझेदारों के साथ आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। मंत्री ने कहा, '' हम सभी ने व्यापार को हथियार बनते देखा है। हम सभी ने दुनिया भर में विश्वसनीय साझेदारों के महत्व को देखा है।

यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका द्वारा शुल्क में भारी बढ़ोतरी ने वैश्विक व्यापार को बाधित कर दिया है। अमेरिकी प्रशासन ने 27 अगस्त से अमेरिकी बाजारों में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इसमें रूस से तेल खरीद को लेकर 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है।

### बहरीन व कतर भी बातचीत में शामिल

गोयल ने कहा कि इस समय भारत, अलग-अलग देशों और करीब 50 राष्ट्र समूहों के साथ बातचीत कर रहा है। भारत, ओमान के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है। साथ ही बहरीन तथा कतर भी बातचीत में शामिल होना चाहते हैं। मंत्री ने बताया कि खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) भी व्यापार समझौते पर वार्ता को इच्छुक है।

### 27 देशों के यूरोपीय समूह से बातचीत चल रही

*मंत्री ने यहां उद्योग मंडल 'फिक्की' की वार्षिक आम बैठक में कहा, '' छह देशों का पूरा समूह इसमें शामिल होना चाहेगा। हम न्यूजीलैंड से बात कर रहे हैं... हम अमेरिका और 27 देशों के यूरोपीय संघ के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। भारत और अमेरिका एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक छह दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है।*

- भारत इन समझौतों के जरिए विश्वसनीय संबंधों को बढ़ावा दे रहा
- मंत्री ने कहा, हम सभी ने व्यापार को हथियार बनते देखा है
- भारत, अलग-अलग करीब 50 राष्ट्र समूहों के साथ बातचीत कर रहा



**पहला चरण साल के अंत तक पूर्ण करने का लक्ष्य :** *मंत्री ने इस समझौते के पहले चरण को इस साल के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। मंत्री ने कहा कि भारत 10 देशों के आसियान समूह और कोरिया के साथ अपने व्यापार समझौतों की समीक्षा कर रहा है ताकि इसमें और अधिक संतुलन लाया जा सके। आसियान के सदस्यों में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमा, फिलीपीन, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।*

**खाड़ी देशों के साथ भी बातचीत जारी**

*जीसीसी, खाड़ी क्षेत्र के छह देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का एक संघ है। भारत पहले ही संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक व्यापक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है। ओमान के साथ बातचीत लगभग पूरी होने वाली है। उन्होंने कहा कि बहरीन और कतर भारत के साथ बातचीत करना चाहते हैं। जीसीसी से भी इस संबंध में बातचीत हो रही है।*

### एसएसीयू भी बातचीत करना चाह रहा

गोयल ने कहा कि पांच सदस्यीय दक्षिण अफ्रीका सीमा शुल्क संघ (एसएसीयू) और मर्कोसुर समूह भी बातचीत करना चाहते हैं। एसएसीयू राष्ट्रों में दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया, बोत्सवाना, लेसोथो एवं एस्वातिनी शामिल हैं और यह दुनिया का सबसे पुराना सीमा शुल्क संघ है जो एक सदी से भी अधिक पुराना है। मर्कोसुर, लातिन अमेरिका का एक व्यापारिक समूह है जिसमें ब्राजील, अर्जेंटीना, उरुग्वे और पराग्वे शामिल हैं।

### पांच देशों के समूह ने ईएईयू पर किए हस्ताक्षर

भारत और पांच देशों के समूह यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) ने 20 अगस्त को समझौते के लिए संदर्भ शर्तों पर हस्ताक्षर किए। ईएईयू के पांच सदस्य देश रूस, आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान और किर्गिस्तान हैं।

# अष्टविनायक रियल्टीज के आवासीय प्रोजेक्ट 'महादेव विहार' की हुई भव्य लॉन्चिंग

**रायपुर।** अष्टविनायक रियल्टीज एवं महादेव वेंचर के मेगा आवासीय प्रोजेक्ट 'महादेव विहार' की भव्य लॉन्चिंग शुक्रवार को हुई। प्रोजेक्ट का तीन दिवसीय लॉन्चिंग इवेंट 30 नवंबर तक चलेगा।

पुराना धमतरी रोड, सेजबहार रायपुर स्थित इस प्रोजेक्ट को पहले ही दिन शानदार रिस्पांस मिला, जिसमें 300+ विजिटर्स ने विजिट किया और कुल 38 बुकिंग दर्ज की गईं। 22 एकड़ में फैले इस मेगा आवासीय प्रोजेक्ट में करीब 300 यूनिट्स प्लॉट्स विकसित किए गए हैं। प्लॉट साइज 600 स्क्वायर फीट से 2000 स्क्वायर फीट तक उपलब्ध हैं।



### आधुनिक सुविधाओं से लैस 'महादेव विहार'

*'महादेव विहार' को पूरी तरह से कवर्ड कैंपस के रूप में विकसित किया गया है, जिसमें 24×7 सिक्योरिटी उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा प्रोजेक्ट में आधुनिक क्लब हाउस, इनडोर गेम्स, स्वीमिंग पूल, जिम, मॉडर्न वाटर टैंक, बैंक्वेट हॉल, गेस्ट रूम, जैसी प्रीमियम सुविधाएं शामिल की गई हैं। आउटडोर गतिविधियों के लिए नेट क्रिकेट, वॉलीबॉल, टेनिस कोर्ट, बच्चों के लिए कीड्स प्ले एरिया जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।*

### लॉन्चिंग में आकर्षक लकी ड्रा ऑफर

*लॉन्चिंग इवेंट में खरीदारों के लिए लकी ड्रा भी रखा गया, जिसमें पहला पुरस्कार मारुति स्विफ्ट कार, दूसरा पुरस्कार हार्ले-डेविडसन बाइक और तीसरा पुरस्कार एक्टिवा रखा गया है। इस ऑफर ने भी ग्राहकों को बड़े पैमाने पर आकर्षित किया।*

### प्राइम लोकेशन में है प्रोजेक्ट

*अष्टविनायक रियल्टीज के सीएमडी संतोष लोहाना ने बताया, सेजबहार रायपुर के नजदीक पुराने धमतरी रोड का क्षेत्र आज शहर का तेजी से विकसित होता हब बन चुका है। 'महादेव विहार' शहर के बेहद करीब, फिर भी प्रदूषण रहित एवं शांत वातावरण में अपना घर बसाने का शानदार अवसर प्रदान करता है। यहां से मार्केट एरिया, हॉस्पिटल, एजुकेशन हब, एयरपोर्ट जैसी आवश्यक सुविधाएं नजदीक ही स्थित हैं।*

# एनसीएलटी ने कारोबारियों के बीच एकमुश्त निपटान योजना की मंजूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) और कारोबारियों के बीच एकमुश्त निपटान योजना को मंजूरी दे दी है। इससे 5,682 कारोबारियों को 1,950 करोड़ रुपये के भुगतान का रास्ता साफ हो गया है। एनएसईएल ने शुक्रवार को बयान में कहा कि समझौते में 31 जुलाई 2024 तक कारोबारियों को उनके बकाया के आधार पर आनुपातिक भुगतान करने की परिकल्पना की गई है। इसके बदले में समूह के खिलाफ कानूनी मामलों को बंद कर दिया जाएगा और सभी व्यापारियों के अधिकारों को 63 मून्स को सौंप दिया जाएगा। एनएसईएल ने अपनी मूल कंपनी 63 मून्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के सहयोग से कारोबारियों के साथ सौहार्दपूर्ण एवं अंतिम समाधान के लिए एनसीएलटी मुंबई के समक्ष निपटान योजना दायर की थी। न्यायाधिकरण द्वारा मतदान कराए जाने पर संख्या के आधार पर 92.81 प्रतिशत तथा मूल्य के आधार पर 91.35 प्रतिशत व्यापारियों ने समझौते के पक्ष में मतदान किया।

# भारत सोने की कीमतें तय करने में भूमिका निभाएगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत अगले दशक में घरेलू खनन के जरिये अपनी स्वर्ण मांग का लगभग 20 प्रतिशत पूरा कर सकता है, जिससे वह वैश्विक बाजार में 'प्राइस-मेकर' बनने की दिशा में आगे बढ़ सकेगा।

स्वर्ण उद्योग के विशेषज्ञों ने शुक्रवार को यह बात कही। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) के भारत क्षेत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने यहां रत्न एवं आभूषण सम्मेलन में कहा कि पर्याप्त घरेलू खनन और मजबूत स्वर्ण बैंकिंग प्रणाली के अभाव में भारत अभी तक वैश्विक कीमतों का 'प्राइस-टेकर' बना हुआ है।

### भारत की वैश्विक स्वर्ण कीमतों पर पकड़ मजबूत होगी

सीईओ ने उद्योग मंडल 'चैंबर ऑफ कॉमर्स ऑफ इंडिया' (सीसीआई) के सम्मेलन में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक की पहल और बैंकिंग प्रणाली के विकास के साथ भारत की वैश्विक स्वर्ण कीमतों पर पकड़ मजबूत होगी और यह 'प्राइस मेकर' बनने का रुख करेगा।

### भारतीय उपभोक्ताओं के पास 25 हजार टन सोना

आदित्य बिड़ला समूह की नोवेल ज्वेल्स के सीईओ संदीप कोहली ने बताया कि भारतीय उपभोक्ताओं के पास करीब 25,000 टन सोना है, जबकि सरकार के पास केवल 800 टन सोना मौजूद है। उन्होंने कहा कि भारत में सोने की इतनी बड़ी खपत होने के बावजूद उपभोक्ता कीमतों पर भारतीय बाजार का प्रभाव सीमित है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा**

पत्रांक :–.............................. चाईबासा / दिनांक..............................

:: शुद्धि –पत्र ::

इस कार्यालय के पत्रांक 2010 दिनांक 17.11.2025 द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन ई– निविदा सूचना सं० RDD/SD/CHAIBASA/12/2025-26 के समूह संख्या 06, 08 एवं 09 में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है। जिसका PR No. 366170 West Singhbhum(25-26)_D है।

1. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 04.12.2025 से दिनांक 17.12.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
2. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.12.2025 अपराह्न 05:00 बजे

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
प० सिंहभूम चाईबासा

PR 367354 West Singhbhum (25-26)_D

**कार्यालय कलेक्टर**
**(महिला एवं बाल विकास विभाग)**
**पांच बिल्डिंग परिसर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
Phone No. :- 0788-2323704, E-Mail ID :- dpodurg@gmail.com

**''जिला बाल संरक्षण इकाई में रिक्त पदों (संविदा) की पूर्ति हेतु पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित''**

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित जिला बाल संरक्षण इकाई जिला दुर्ग में मिशन वात्सल्य के तहत रिक्त पदों हेतु संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग (आईसीपीएस) से प्राप्त स्वीकृति के अनुरूप संविदा भर्ती हेतु पात्र आवेदकों से दिनांक 15.12.2025 तक केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उल्लेखनीय है कि जिला बाल संरक्षण इकाई में रिक्त विभिन्न पदों की पूर्ति हेतु राज्य शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। उपरोक्त स्वीकृति के अनुक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखभाल), विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, लेखापाल, आउटरीच वर्कर के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। जारी विज्ञापन में आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी विस्तृत विवरण भी जारी किया गया है। यह विज्ञापन दुर्ग जिले की वेबसाईट www.durg.gov.in पर उपलब्ध है। विज्ञापन में भर्ती प्रक्रिया संबंधी संपूर्ण जानकारी तथा आवेदन पत्र का प्रारूप भी उपलब्ध है। यह समस्त जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर जाकर डाउनलोड की जा सकती है।

आर.के. जाम्बुलकर
( जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग जिला–दुर्ग (छ.ग.)

G-252605096/3

**छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 6**
**नंदेलीभाटा - सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 18-12-2025 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है -

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत (जी.एस.टी. छोड़कर) ( लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 180411 | 04/व.ले. लि. / 2025-2026 दिनांक 27.11.2025 | हसदेव बांयी तट नहर के कि.मी. 49.77 में स्थित हेड रेगुलेटर हेतु बने (खरसिया शाखा नहर एवं सक्ती शाखा नहर) के पक्के संरचनाओं का मरम्मत कार्य, पोताई, पेटिंग, (गेज पेंटिंग का कार्य एवं चौकीदार 04 नं.) आवास गृहों की छतों का मरम्मत एवं अन्य कार्य । | 108.58 | प्रथम आमंत्रण |
| 180412 | 05/व.ले. लि./ 2025-2026 दिनांक 27.11.2025 | लोकल नाला पर जुनवानी स्टॉप डेम सह रपटा का निर्माण कार्य । | 170.63 | प्रथम आमंत्रण |
| 180415 | 06/व.ले. लि./ 2025-2026 दिनांक 27.11.2025 | लोकल नाला पर भालूडेरा स्टॉप डेम सह रपटा का निर्माण कार्य । | 242.66 | प्रथम आमंत्रण |

**(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 के आधार पर)**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 04-12-2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है ।

**नोटः** (1) निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। अन्य निविदा संबंधी शर्ते विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
(2) निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. 01.05.2025 (संशोधित 08.08.2025 ) के अनुसार है।
(3) निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में GST जोड़कर निविदा भरा जाना है।

कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता बांगों नहर संभाग क. 6,
नंदेलीभांठा – सक्ती (छ.ग.)

G- 252605115/4

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का हॉलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



## फीफा अंडर-17 विश्व चैंपियन, पुर्तगाल ने जीता खिताब

**दोहा।** पुर्तगाल ने फीफा अंडर-17 विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रिया को 1-0 से हराकर इस आयु वर्ग में अपना पहला वैश्विक खिताब जीता। बेनफिका के फॉरवर्ड अनीसियो कैब्राल ने 48 देशों के टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए खिताबी मुकाबले के 32वें मिनट में मैच का इकलौता गोल किया। इससे पहले इटली ने तीसरे स्थान के मैच में ब्राजील को शूटआउट में 4-2 से हराया, जिससे यूरोप की टीमों ने शीर्ष तीन स्थानों पर अपना दबदबा बनाया। मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद गोलकीपर एलेसेंड्रो लोंगोनी ने दो पेनल्टी बचा कर इटली की जीत पक्की की। फीफा अंडर-17 विश्व कप का यह 20वां सत्र है। फीफा इस टूर्नामेंट को अब हर दो साल के बजाय सालाना आयोजित करता है।



## रोमा ने मिड्टजिलैंड को दी शिकस्त, दर्ज की पहली घरेलू जीत

**नॉटिंघमशायर।** रोमा ने मिड्टजिलैंड को 2-1 से शिकस्त देकर पहली घरेलू जीत दर्ज की। इस टीम के लिए नील एल ऐनाउई और स्टीफन ऐल शरावी मुकाबले के हीरो रहे, जिन्होंने एक-एक गोल किए। नील एल ऐनाउई ने मुकाबले के 7वें मिनट खाता खोला। इसके बाद स्टीफन ऐल शरावी ने 83वें मिनट गोल दागकर रोमा को 2-0 से आगे कर दिया। मुकाबले के 86वें मिनट मिड्टजिलैंड ने पॉलिन्हो के गोल की बदौलत अपना खाता खोला, लेकिन यह टीम मुकाबला गंवा बैठी। इस बीच, डोनियल मैलेन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत एस्टन विला ने यंग बॉयज को 2-1 से शिकस्त देकर पांच लीग फेज मैचों में अपनी चौथी जीत दर्ज की।



## फॉरेस्ट ने माल्मो को 3-0 से रौंदा, हासिल किए तीन प्वाइंट्स

**नॉटिंघमशायर।** नॉटिंघम फॉरेस्ट ने माल्मो एफएफ को 3-0 से मात देकर यूरोपा लीग में तीन प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। मुकाबले के 27वें मिनट कप्तान रायन येट्स ने गोल दागकर नॉटिंघम फॉरेस्ट का खाता खोला। इसी के साथ टीम ने मुकाबले में 1-0 से लीड हासिल कर ली। मुकाबले के 44वें मिनट अर्नॉड कलिमुएंडो ने गोल करते हुए फॉरेस्ट की लीड को दोगुना कर दिया। माल्मो एफएफ की टीम 0-2 से पिछड़ गई थी। टीम लगातार गोल करने की कोशिश करती रही, लेकिन इसी बीच 59वें मिनट में निकोला मिलेंकोविक ने गोल दागकर फॉरेस्ट को 3-0 से आगे कर दिया। इस जीत के साथ नॉटिंघम फॉरेस्ट ने 8 प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। फॉरेस्ट टेबल में 16वें नंबर पर आ गई है। दूसरी ओर, माल्मो के पास 1 अंक है। यह टीम 34वें पायदान पर मौजूद है।

## खबर संक्षेप



### उज्बेकिस्तान से मैत्री मैच खेलेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम 29 नवंबर और 2 दिसंबर को तमिलनाडु के महाबलीपुरम स्थित एफसी मद्रास अकादमी में उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के दौरान आयोजित किए जा रहे दोनों मैच बिना दर्शकों के खेले जाएंगे और भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे से शुरू होंगे। मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन ने इन दो मैचों के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। ये दोनों मैच 2026 एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप की तैयारी का हिस्सा है। भारतीय टीम को एशियाई कप के ग्रुप सी में जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के साथ रखा गया है। उज्बेकिस्तान भी इसी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुका है और उसे ग्रुप बी में डीपीआर कोरिया, कोरिया गणराज्य और जॉर्डन के साथ रखा गया है।

### महिला मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच बने नीवा

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी के पूर्व हाई परफार्मेंस निदेशक (एचपीडी) सैंटियागो नीवा महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में राष्ट्रीय टीम से फिर से जुड़ गए हैं। अर्जेंटीना में जन्मे स्वीडन के इस पूर्व मुक्केबाज ने 2017 से 2022 तक भारत की पुरुष टीम के साथ बड़े स्तर पर काम किया था। उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की, जिनमें तोक्यो ओलंपिक में भारत की अब तक की सर्वोच्च भागीदारी और 2019 पुरुष विश्व चैंपियनशिप में दो ऐतिहासिक पदक शामिल हैं। नीवा ने कहा, 'भारत वापस आकर बेहद उत्साहित हूं।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : म्हात्रे ने जड़ा टी20 करियर का पहला शतक

# आयुष ने 49 गेंद में ठोका शतक, 16 छक्के-चौके लगाकर किया कमाल, मुंबई को दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने टी20 करियर का पहला शतक लगाते हुए मुंबई को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में लगातार दूसरी जीत दिला दी। विदर्भ से ग्रुप एक के मुकाबले में मिले 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए म्हात्रे ने 110 रन की नाबाद पारी खेली।

इससे मुंबई ने 13 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। म्हात्रे ने 53 गेंद खेली और आठ छक्के व इतने ही चौके लगाए। इससे पहले विदर्भ ने अथर्व ताइडे के 64 और अमन मोखाडे के 61 रन के दम पर नौ विकेट पर 192 रन का मजबूत स्कोर बनाया था। मुंबई की ओर से शिवम दुबे और सैराज पाटिल ने तीन-तीन विकेट लिए।

### आयुष ने 20 गेंद में लगाई फिफ्टी

म्हात्रे ने 20 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने दुबे के साथ चौथे विकेट के लिए 85 रन की अटूट साझेदारी की। म्हात्रे ने छक्का लगाकर टी20 करियर का पहला शतक 49 गेंद में पूरा किया। वहीं दुबे ने 19 गेंद में तीन छक्के व इतने ही चौके लगाते हुए 39 रन की तूफानी पारी खेली। इससे मुंबई ने बड़े आराम से जीत हासिल की. विदर्भ के पास उमेश यादव, दर्शन नालकंडे, यश ठाकुर और हर्ष दुबे जैसे बॉलर थे लेकिन कोई भी म्हात्रे को रोक नहीं पाया।



### हिम्मत सिंह ने जड़ा छक्का, टीम को दिलाई जीत

**अहमदाबाद।** यश धुल की 46 गेंद में 71 रन की आक्रामक अर्धशतकीय पारी से दिल्ली ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 के ग्रुप डी के रोमांचक मुकाबले में शुक्रवार को तमिलनाडु को छह विकेट से हराया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 198 रन बनाए। हिम्मत सिंह ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर दिल्ली को जीत दिला दी। दिल्ली ने चार विकेट पर 203 रन बनाए। धुल ने अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के जड़ने के अलावा तीन अर्धशतकीय साझेदारी कर मैच पर दिल्ली की पकड़ बनाए रखी। उन्होंने प्रियांश आर्य (15 गेंद में 35 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 52, कप्तान नीतिश राणा (26 गेंद में 34 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी करने के बाद आयुष बडोनी (23 गेंद में 41 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की।

### मध्यप्रदेश के खिलाफ वैभव के बल्ले से नहीं निकले रन

मध्य प्रदेश और बिहार की टीम के बीच मुकाबला हुआ,जिसमें बिहार को 62 रनों से हार का मुंह देखना पड़ा। मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 174 रन बनाए। इसके बाद बिहार की टीम सिर्फ 112 रनों पर सिमट गई। मैच में वैभव सूर्यवंशी बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं। वैभव सूर्यवंशी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए। उन्होंने 9 गेंदों में सिर्फ 13 रन बनाए, जिसमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। उनके अलावा कप्तान शाकिबुल गनी भी 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। बिहार की टीम के लिए सिर्फ विपिन सौरभ ने ही कुछ देर क्रीज पर टिकने की कोशिश की और उन्होंने 24 गेंदों में कुल 32 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और दो छक्के जड़े। बिहार की पूरी टीम 20 ओवर्स भी नहीं खेल पाई और 19.2 ओवर्स में टीम ने 112 रन बनाए। इसी वजह से उसे हार का मुंह देखना पड़ा।

## एशेज टेस्ट

## 'पिंक बॉल' टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया ने किया स्क्वाड का ऐलान



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 4 दिसंबर से गाबा में शुरू होने जा रहे डे-नाइट एशेज टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है, जिसमें कोई बदलाव नहीं किया गया।

कप्तान पैट कमिंस लगातार दूसरे मैच में नहीं खेल सकेंगे। पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण पर्थ में सीरीज का पहला टेस्ट में नहीं खेले थे। इस लो-स्कोरिंग मुकाबले को ऑस्ट्रेलियाई ने सिर्फ दो दिनों के अंदर अपने नाम किया था। इस तेज गेंदबाज को पूरी तरह से फिट होने के लिए दो हफ्तों का समय दिया गया है। 32 वर्षीय पैट कमिंस टीम के साथ ब्रिस्बेन जाएंगे। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में ब्रेंडन डॉगेट, मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड के साथ अपनी जगह बनाए रख सकते हैं। ब्रेंडन डॉगेट ने पर्थ में टेस्ट डेब्यू करते हुए 5 विकेट हासिल किए थे।

## अंडर-19 एशिया कप : टीम इंडिया का ऐलान


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



उभरते हुए बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को अंडर-19 एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान बरकरार रखा गया। टीम में आक्रामक किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को जगह मिली है जबकि 12 से 21 दिसंबर तक दुबई में 50 ओवरों के प्रारुप में खेले जाने वाले इस आयु वर्ग के महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए विहान मल्होत्रा को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। म्हात्रे ने इससे पहले सितंबर और अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के बहु-प्रारुप दौरे के दौरान भी भारत का नेतृत्व किया था। यह टूर्नामेंट अगले साल जनवरी-फरवरी में जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जाने वाले अंडर-19 विश्व कप की तैयारी का आधार होगा।

## पाकिस्तान को हराकर ट्राई सीरीज के फाइनल में श्रीलंका

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी



तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा (20 रन पर चार) ने लक्ष्य का बचाव करते हुए आखिरी ओवर में सिर्फ तीन रन खर्च किए, जिससे श्रीलंका ने त्रिकोणीय श्रृंखला के अपने करो या मरो मैच में पाकिस्तान को छह रन से हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया। पाकिस्तान पहले ही फाइनल में पहुंच चुका था और जिम्बाब्वे की जगह खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए श्रीलंका को खेले गए मैच में जीत की जरूरत थी। टीम ने सलामी बल्लेबाज कामिल मिसरा की 48 गेंदों में 76 रनों की पारी की बदौलत पांच विकेट पर 184 रन बनाने के बाद पाकिस्तान को सात विकेट पर 178 रन पर रोक दिया।

### आगा की नाबाद पारी नहीं दिला सकी जीत

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा के कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 63 रनों की पारी खेली लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। चमीरा ने पावरप्ले में अपने शुरुआती दो ओवर में तीन रन पर तीन विकेट लेकर पाकिस्तान को बैकफुट पर धकेल दिया और फिर आखिरी ओवर में क्रीज पर आगा की मौजूदगी के बावजूद 10 रन का शानदार तरीके से बचाव किया। उन्होंने चौथे ओवर में साहिबजादा फरहान (नौ) को धीमी गेंद पर गच्चा देने के बाद बाबर आजम (शून्य) को खाता खोले बगैर पगबाधा किया।

# भारतीय टीम श्रीलंका से खेलेगी पांच मैचों की टी-20 सीरीज

### 21 से 30 दिसंबर तक विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में होंगे मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम 21 से 30 दिसंबर तक विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। बीसीसीआई ने शुक्रवार को जानकारी दी। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ निर्धारित मैच दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण स्थगित कर दिया गया था।

हाल ही में वनडे विश्व कप जीतने के बाद यह भारतीय महिला टीम का पहला मैच होगा। बीसीसीआई से जारी बयान के मुताबिक,'भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। भारत अगले महीने पांच मैचों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला विशाखापत्तनम में शुरू होगी और शेष मैच तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे।'



| | | |
|---|---|---|
| पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 21 दिसंबर, विशाखापत्तनम |
| दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 23 दिसंबर, विशाखापत्तनम |
| तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 26 दिसंबर, तिरुवनंतपुरम |
| चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 28 दिसंबर तिरुवनंतपुरम |
| पांचवां टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 30 दिसंबर तिरुवनंतपुरम |

### श्रीलंका टीम 2016 के बाद भारत में खेलेगी सीरीज

पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय महिला टीम को इसी दौरान बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भाग लेना था। श्रीलंका की टीम 2016 के बाद पहली बार भारत में कोई द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी, जिसे मेजबान टीम ने 3-0 से जीता था। भारतीय महिला टीम ने इस साल जुलाई में इंग्लैंड में अपनी पिछली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली थी। टीम ने इस श्रृंखला को 3-2 से जीत कर इतिहास रचा था। यह इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टीम की पहली टी20 श्रृंखला जीत थी।

SBI भारतीय स्टेट बैंक शाखा- कौहाकूड़ा,
कौहाकूड़ा, जिला- महासमुंद (छ.ग.), मो: 7972001026, 9977177172

**ट्रेक्टर विक्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

हमारी शाखा द्वारा जब्त किये गये ट्रेक्टर का "जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है" आधार पर निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित है:-

| (1) क्र. | (2) ऋणि का नाम एवं पता | (3) वाहन का विवरण | (4) न्यूनतम आरक्षित मूल्य | (5)अग्रिम जमा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुरेश कुमार ध्रुव पिता श्री फूल सिंह, ग्राम- धनोरा, पोस्ट- घोंच, तहसील- पिथौरा, जिला- महासमुंद (छ.ग.) | ट्रैक्टर- आयशर 380 यूएसजे रजि. नं - CG 06 GW 3665, इंजन नं - S325L57717, चेसीस नं- 930313154624, मॉडल -2022 | ₹4,00,000/- | ₹ 40,000/- |
| 2. | श्री सुमर ठाकुर पिता श्री बूढ़ान ठाकुर, ग्राम- सोनासिल्ली, तहसील- पिथौरा, जिला- महासमुंद (छ.ग.) | ट्रैक्टर- आयशर 380 यूएसजे रजि. नं - CG 06 GX 0330, इंजन नं - S325L95229, चेसीस नं- 930813184038, मॉडल - 2022 | ₹4,00,000/- | ₹ 40,000/- |
| 3. | श्री मुकेश पटेल पिता श्री परमानंद पटेल, ग्राम- डोंगरीपाली, तहसील- पिथौरा, जिला- महासमुंद (छ.ग.) | ट्रैक्टर- आयशर 380 यूएसजे रजि. नं - CG 06 GX 0331, इंजन नं - S325M25515, चेसीस नं- 931313107438, मॉडल -2022 | ₹4,00,000/- | ₹ 40,000/- |

इच्छुक खरीददार न्यूनतम आरक्षित मूल्य (कॉलम 4) की 10 प्रतिशत राशि (कॉलम 4) का ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा- कौहाकूड़ा के नाम से देय हो, सादे पेपर में अपनी ऑफर राशि तथा अपनी आईडी प्रूफ , पता एवं फोन नंबर के साथ बंद लिफाफे में जमा करे | निविदा की नियम व शर्ते एवं वाहन निरीक्षण सम्बन्धी जानकारी हेतु इच्छुक व्यक्ति दिए हुए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं | **भारतीय स्टेट बैंक,शाखा- कौहाकूड़ा में निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 15.12.2025 सायं 4.00 बजे, तक , निविदा खोलने की तिथि 16.12.2025 प्रातः 11.00 बजे, स्थान - भारतीय स्टेट बैंक, शाखा- कौहाकूड़ा नियत की गई है |** बैंक के पास बिना कोई कारण बताये को ई भी निविदा /सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया निरस्त करने अथवा स्थगित करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा |

दिनांक: 29.11.2025, स्थान- कौहाकूड़ा प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

**ई-नीलामी सूचना**

**ऋणवसूली अधिकरण**

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास,
साउथ सिविल लाइन, जबलपुर- (मप्र) 482001

**Case No.: RC 179/2022/ओ.ए.न. 1328/2019**

**ई-नीलामी कमांक 288/2025**

• UCO BANK वि. SHRI YOGESH SHRIVASTAVA एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाणपत्र कमांक RC No. RC 179/2022/O.A. No. 1328/2019 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र Rs. 31,91,5770.95 (Rupees Thirty One Lakh Ninety One Thousand Five Hundred Seventy Seven & Ninety Five Paise Only) तथा उस पर 9.50 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से दिनांक 31.07.2019 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रकिया के तहत वेबसाईट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से की जायेगी।

ई-नीलामी की तिथि एवं समय :- 31.12.2025 दोपहर : 12.00 से 01.00

संपत्ति की अनुसूची

Residential Land & Building bearing Khasra No.-606, House No.40/30, situated at Malviya Road, Babu Jagjivan Ram Ward No.-40, P.H. No. 106 A, Tehsil & District- Raipur (C.G.), Land Area 561 sq.ft., Property jointly in the name of Shri Yogesh Shrivastava S/o Late Shri Shailendra Shrivastava, Shri Vishal Shrivastava S/o Late Shri Shailendra Shrivastava, Smt. Kusum Shrivastava W/o Late Shri Shailendra Shrivastava, Shri Vikash Shrivastava S/o Late Shri Shailendra Shrivastava and Shri Sunny Shrivastava S/o Late Shri Shailendra Shrivastava.

प्रारक्षित मूल्य :-Rs.35,30,000.00 (Rupees Thirty Five Lakh Thirty Thousand only);

विक्रय की शर्तें :

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए। अधिक विवरण हेतु M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website : https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id: -mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com
2. इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेबसाईट https://www.bankeauctions.com में उपलब्ध नीलामी बीड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें।
3. बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी (विस्तृत नियम व शर्तों का संदर्भ लें)
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रूपये Rs.3,53,000.00 (Rupees Three Lakh Fifty Three Thousand only); है, RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER द्वारा वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित Account No. 5692799461 in the name of Recovery Officer, E-auction account, DRT Jabalpur with CENTRAL BANK, OF INDIA, DHOBIGHAT BRANCH, JABALPUR. (IFSC Code:CBIN0281618) में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
5. निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 29.12.2025 अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें।
7. ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम रू. Rs. 40,000.00 (Rupees Forty Thousand only) होगी। ऑनलाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा।
8. असफल बोली कर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उस का भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात वे जब तक असफलत बोली कर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगी।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER के द्वारा कंडिका-4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोली कर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रू. 10 (प्रति संपत्ति अलग-अलग) सहित नीलामी के 15 दिनों के अंदर या यदि 15 वां दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15 वें दिन पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित कमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. संपत्ति ''जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत'' के आधार पर विक्रय की जायेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 18.12.2025 प्रातः 12 बजे से 16 बजे तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे Shri Deepak Chauhan Chief Manager, Mob. No. 7837466215 में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण करले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर ले। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124- 4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:-mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com.
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी Shri Deepak Chauhan Chief Manager, Mob. No. 7837466215 से प्राप्त की जा सकती है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रकिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली लगाने हेतु सम्मिलित हो सकते हैं। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वतः सुनिश्चित करनी होगी। डीआरटी/बैंक/सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

स्थान : जबलपुर
दिनांक- 13.11.2025

(प्रीति देसाई)
वसूली अधिकारी 1






# अरबों में बना दुनिया का सबसे मॉडर्न एयरपोर्ट 3 साल में हो गया बंद

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

सोचिए एक ऐसा एयरपोर्ट, जिसे अरबों रुपये खर्च करके बनाया गया हो, जिसे यूरोप का बड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई हब बनाने का सपना दिखाया गया हो, जहां दुनिया भर की फ्लाइट्स आने की उम्मीद हो और वही एयरपोर्ट कुछ ही सालों में पूरी तरह वीरान हो जाए! यह कहानी सुनने में भले ही किसी फिल्म का प्लॉट लगे, लेकिन स्पेन का रियल सिउदाद बिल्कुल ऐसा ही असली, चौंकाने वाला और बेहद महंगा 'फेल प्रोजेक्ट है। आज इसकी चर्चा होते ही लोग इसे 'स्पेन का घोस्ट एयरपोर्ट' कहकर याद करते हैं। दरअसल, रियल सिउदाद एयरपोर्ट को 2009 में बड़े धूमधाम से खोला गया था। इसे बनाने में 1.1 बिलियन (लगभग 10,000 करोड़ रुपए) से भी अधिक खर्च किए गए थे। स्पेन सरकार और निवेशकों को पूरा विश्वास था कि यह देश का अगला बड़ा एविएशन हब बनेगा, जहां यूरोप की कम लागत वाली एयरलाइंस भारी संख्या में उड़ानें शुरू करेंगी। एयरपोर्ट को बेहद आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया गया था। इसकी सबसे खास बात थी यूरोप की सबसे लंबी रनवे, जिसकी लंबाई करीब 4.1 किलोमीटर थी। इसके अलावा, एयरपोर्ट का आधुनिक टर्मिनल 10 मिलियन यात्रियों को हर साल संभालने की क्षमता रखता था। इन खूबियों को देखते हुए निवेशकों का मानना था कि यह प्रोजेक्ट निश्चित रूप से बेहद फायदे का सौदा साबित होगा। लेकिन, सपनों पर आधारित यह भरोसा ज्यादा समय तक टिक नहीं पाया। एयरपोर्ट बनने के बाद जिन उम्मीदों पर इसे खड़ा किया गया था, वे एक-एक कर टूटती चली गईं, और कुछ ही सालों में यह भव्य प्रोजेक्ट पूरी तरह ठप हो गया।

## सबसे बड़ी गलतीः एयरपोर्ट बना, लेकिन लोकेशन गलत

यह एयरपोर्ट मैड्रिड से करीब 200 किमी दूर बनाया गया था। लोगों के लिए इतनी दूर जाकर फ्लाइट पकड़ना बिल्कुल सुविधाजनक नहीं था, चाहे टिकट कितनी ही सस्ती क्यों न हो। सरकार ने वादा किया था कि मैड्रिड–सेविले हाई-स्पीड रेल स्टेशन एयरपोर्ट तक बनाया जाएगा, जिससे लोग एक घंटे में पहुंच सकेंगे। लेकिन, यह स्टेशन कभी बना ही नहीं. इससे यात्रियों की संख्या उम्मीद से बहुत कम रह गई। शुरुआत में कई ने उड़ानें शुरू कीं। लेकिन, कम यात्रियों की वजह से तीनों कंपनियां एक–एक करके पीछे हट गईं। आखिर में वूएलिंग आखिरी एयरलाइन बची, जिसने 2011 में अपनी सेवाएं बंद कर दीं। इसके बाद एयरपोर्ट पूरी तरह से ही खाली हो गया।



## अंत में क्या हुआ?


कई सालों बाद 2018 में एयरपोर्ट सिर्फ 56 मिलियन (लगभग 5,040 करोड़ रुपए) में बेचा गया जो इसकी असली लागत से बहुत ज्यादा कम था। 2019 में इसे फिर से खोला गया, लेकिन अब यह एक स्टोरेज, मेंटेनेंस और विमान तोड़ने का केंद्र है। कोविड के दौरान यहां कई विमानों को पार्क किया गया, लेकिन यह कभी भी वह बड़ा यात्री हब नहीं बन पाया, जिसके लिए इसे बनाया गया था।

## तीन साल में दिवालिया!

यात्रियों के बिना एयरपोर्ट चलाना नामुमकिन था। संचालन कंपनियों पर 300 मिलियन(लगभग 2,700 करोड़) से ज्यादा का कर्ज हो गया और 2012 में एयरपोर्ट बंद कर दिया गया। यह उस समय दुनिया के सबसे बड़े 'फेल एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स'में से एक बन गया। एयरपोर्ट को बेचने के लिए शुरुआती न्यूनतम कीमत 100 मिलियन (लगभग 900 करोड़) रखी गई थी। लेकिन, किसी ने खरीदने में रुचि ही नहीं दिखाई। एक समय तो एक चीनी समूह ने इसे खरीदने के लिए सिर्फ 10,000 (लगभग 9 लाख रुपए) की बोली लगा दी! यह खबर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में मजाक की तरह फैल गई और स्पेन के लिए शर्मिंदगी का कारण बनी।

# लाइफ में 4 बार हिलते हैं हमारे दिमाग के तार

एजेंसी ▶▶| लंदन



कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों की ओर से 0-90 साल तक 3,800 लोगों के ब्रेन का MRI किया गया। इसमें पता चला कि हमारा ब्रेन जीवन में केवल 4 बार अचानक बेहद बड़ा बदलाव करता है। ये उम्र 9 साल, 32 साल, 66 साल और 83 साल है। बाकी समय हमारा दिमाग धीरे-धीरे बदलता है।

हमारे दिमाग में 86 अरब छोटी-छोटी सेल्स यानी न्यूरॉन होती हैं। ये सफेद रंग की पतले तारें यानी व्हाइट मैटर से एक-दूसरे के साथ जुड़ी होती हैं। बिजली की तारों की तरह ये जितनी अच्छी और तेज होंगी हमारा दिमाग भी उतना ही तेज चलेगा और याद्दाश्त भी अच्छी रहेगी। बता दें कि 5-10 साल की उम्र बच्चे के ब्रेन के लिए गोल्डन पीरियड होता है। इस उम्र में दिमाग की तारें तेजी से बनती और मजबूत होती हैं। बच्चा इस उम्र में भाषा-संगीत से लेकर जो भी सीखता है कभी नहीं भूलता।

30-35 की उम्र में हमारा दिमाग बिल्कुल पीक पर होता है। इस दौरान ब्रेन की सभी तारें परफेक्ट तरीके से जुड़ी होती हैं। वहीं इस उम्र में एकाग्रता और याददाश्त भी तेज होती है। दिमाग के चेज चलने के कारण कई बिजनेसमैन, राइटर, खिलाड़ी या साइंटिस्ट इस उम्र में अपना सबसे बेहतरीन काम करते हैं। 83 की उम्र में हमारे दिमाग की तारे धीरे-धीरे पतनी होने शुरु हो जाती है। इस उम्र में कुछ भी नया सीखना थोड़ा मुश्किल हो जाता है, हालांकि पुरानी यादें और अनुभव मजबूत रहता है। इस उम्र के लोग सबसे अधिक समझदार और बेहतर फैसले लेने वाले होते हैं।

## दिमाग की तारें होने लगती हैं कमजोर

90-95 की उम्र में हमारी दिमाग की तारें कमजोर होने लगती हैं। इस दौरान याददाश्त भी धीमी होने लगती हैं। इस उम्र के लोगों में अल्जाइमर जैसी बीमारियों का भी खतरा बढ़ता है, हालांकि डो लोग रेगुलर किताबें पढ़ते हैं, टहलते और हंसते रहते हैं उनका दिमाग 90-95 साल तक भी तेजी से चलता है।

# खाना खाने के बाद यहां के लोग खा जाते हैं 300-300 रसगुल्ले



**नई दिल्ली।** बिहार और नेपाल के मिथिला क्षेत्र में 'रसगुल्ला भोज' की अद्वितीय परंपरा है, जहां लोग किसी भी दावत में असामान्य और रिकॉर्ड तोड़ मात्रा में इस मिठाई का सेवन करते हैं। इसी संस्कृति को दर्शाते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि इस क्षेत्र के लोग पेट भर खाना खाने के बाद भी कम से कम 300 रसगुल्ले खा जाते हैं।




# मंगल पर पहली बार बिजली का सबूत!

## नासा के रोवर ने सुनी रहस्यमयी गड़गड़ाहट 55 बार दर्ज हुआ इलेक्ट्रिक डिस्चार्ज

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

रोवर ने मंगल ग्रह पर पहली बार बिजली जैसी इलेक्ट्रिक डिस्चार्ज की आवाज रिकॉर्ड की है। 2 मार्टियन सालों में कुल 55 बार ऐसे संकेत मिले हैं, जिनमें 7 रिकॉर्डिंग्स में बिजली जैसी ध्वनि भी शामिल रही थी। दृढ़ता के सुपरकैम माइक्रोफोन ने मंगल के धूल भरे तूफानों और घूमते हुए डस्ट डेविल्स के बीच छोटे-छोटे बिजली के डिस्चार्ज को पकड़ा। ये आवाजें बहुत हल्की थीं। हालांकि, इससे यह साबित हो गया कि मंगल पर बिजली होने जैसी एक्टिविटी तो होती हैं। बता दें कि यह भविष्य के रोबोट, मॉड्यूल तथा मानव मिशनों के डिजाइन के लिए बेहद जरूरी जानकारी है। इस खोज से हमें यह पता चलता है कि मंगल के पतले और सूखे वातावरण में किन परिस्थितियों में बिजली बनती है।



### कैसे बनती है बिजली?

मंगल ग्रह का वातावरण कार्बन डाइऑक्साइड का है यानी बहुत पतला और बेहद सूखा है, इसलिए वहां बिजली बनना हमेशा शक के घेरे में रहा है। हालांकि, वैज्ञानिकों को लंबे समय से लगता था कि धूल के तूफान और तेज हवाएं रेत के कणों को आपस में रगड़ती हैं, जिससे चार्ज बनता है और बिजली या चिंगारियां निकलती हैं। जो कि परसेवेरेंस ने अब साफ कर दिया है।

### नासा के परसेवेरेंस रोवर ने भेजी रिकॉर्डिंग

नासा के परसेवेरेंस रोवर ने जो रिकॉर्डिंग भेजी हैं। मंगल ग्रह पर बिजली की मौजूदगी का पहला ठोस सबूत माना जा रहा है। रोवर के सुपरकैम माइक्रोफोन ने 28 घंटे की ऑडियो रिकॉर्डिंग में 55 बार इलेक्ट्रिकल डिस्चार्ज पकड़े हैं। बता दें इनमें से 7 घटनाएं पूरी तरह रिकॉर्ड हुईं, जिसमें एक बेहद हल्की थंडर क्लैप यानी छोटी-सी गड़गड़ाहट भी सुनाई दी है।

### कैसे पकड़ी गई मंगल की बिजली?

सुपरकैम माइक्रोफोन आवाज के साथ साथ इलेक्ट्रोमैग्नेटिक संकेत भी पकड़ने में सक्षम है। बता दें कि रिकॉर्डिंग में तीन चरणों के संकेत मिले है। पहला एक इलेक्ट्रॉनिक ब्लिप जब डिस्चार्ज माइक्रोफोन की वायरिंग के पास हुआ था। दूसरा रिंगडाउन सिग्नल यह लगभग 8 मिलीसेकंड तक था. तीसरा हवा में छोटी सी धम-सी आवाज जैसे छोटा सा थंडर आया हो। बता दें, इस बात को टेस्ट करने के लिए वैज्ञानिकों ने माइक्रोफोन की कॉपी के पास विम्सहर्स्ट मशीन से छोटे बिजली डिस्चार्ज छोड़े थे और परिणाम बिल्कुल मंगल जैसे ही मिले, यानी यह साफ हो गया है कि परसेवेरेंस ने जो सुना वह मार्स लाइटिंग ही है।

एक डेटा के अनुसार कहें तो 55 में से 54 घटनाएं तेज हवाओं के दौरान हुईं बिजली हुई, सबसे अधिक डिस्चार्ज धूल भरी आंधियों के फ्रंट हिस्से में देखे गए थे और 16 घटनाएं दो अलग-अलग डस्ट डेविल्स के दौरान मिलीं थीं।







# शादी करने के लिए 30 मिनट तक बर्फीले तूफान में चलते रहे दूल्हा-दुल्हन!

**ओटावा।** कनाडा के मेलिसा और डेवॉन ने अपनी शादी को किसी भी हाल में टालने से इनकार कर दिया। 10 नवंबर को उन्हें अल्बर्टा के पेत्यो लेक व्यूपॉइंट पर शादी करनी थी। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद भी कपल ने कहा कि वे तय जगह और तय समय पर ही शादी करेंगे। यह कपल बैनफ नेशनल पार्क के अंदर उस जगह तक पहुंचने के लिए करीब आधे घंटे की बर्फ़ीली चढ़ाई पर निकला। फोटोग्राफर मार्सिन और डोरोता कारपोविक्ज़ ने भी चेतावनी देने के बाद कपल का साथ देने का फैसला किया। लेकिन ,दुल्हन ने साफ कहा, 'मौसम कैसा भी हो, मैं वहीं शादी करना चाहती हूं।'

फोटोग्राफरों ने इंस्टाग्राम पर इसे एक अनोखा और यादगार अनुभव बताया। उन्होंने लिखा कि ऑफ़िशिएंट कोल होफ़स्ट्रा ने भी बिना किसी डर या झिझक के बेहद दिल छू लेने वाली रस्म पूरी करवाई। बाद में कपल ने नेशनल पार्क की अन्य झीलों का भी दौरा किया, जहां मौसम थोड़ा शांत हो गया। इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी।

### बर्फ़, हवा और जमाए हुए मौसम के बीच लिए फेरे

जगह पर पहुंचते ही जोड़ा बर्फ़ीले तूफान से घिर गया। तेज हवा दुल्हन की केप को ऊपर उड़ा रही थी और चारों ओर बर्फ़ के फाहे गिर रहे थे। इसी माहौल में कपल ने हाथों में हाथ डालकर अपनी प्रतिज्ञाएं दोहराईं। एक तस्वीर में दुल्हन की केप हवा में लहराती दिखी, जबकि दूसरी तस्वीर में दोनों मुस्कुराते हुए बर्फ़ में चलते नजर आए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com